संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 225
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शनिवार 17 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं– सीएम योगी

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का सपना देखने वाली शक्तियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का रास्ता जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि चुनाव सुधार और न्याय के नारों की आड़ में देश में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि देश की युवाशक्ति भारत का भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने के बजाय उनके हाथों में अराजकता के औजार थमाने की कोशिश हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा



● मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि चुनाव सुधार और न्याय के नारों की आड़ में देश में अस्थिरता फैलाने की कोशिश

कि भारत का लोकतंत्र जनविश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक षड्यंत्रों के दबाव से लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में विपक्षी राजनीतिक शक्तियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजनीति के मारीचों और कालनेमियों को जनता पहचान चुकी है और उन्हें सत्ता से दूर रखा है। योगी ने आरोप लगाया कि देश को अराजकता की आग में झोंककर सत्ता हासिल करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी राजनीतिक साजिशों को सफल नहीं होने देगा। सीएम योगी ने चुनाव सुधार और न्याय के नारों के पीछे अस्थिरता फैलाने की कोशिश होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता हासिल करने का आधार जनता का जनादेश होना चाहिए, न कि अराजक गतिविधियां। मुख्यमंत्री के बयान में बांग्लादेश की राजनीतिक घटनाओं के संदर्भ में भारत में सत्ता परिवर्तन की कथित कोशिशों को लेकर चिंता जताई गई। हालांकि, उन्होंने अपने बयान में इन आरोपों के समर्थन में किसी संगठन या व्यक्ति का नाम अथवा कोई विशिष्ट घटना का विवरण नहीं दिया।

कांग्रेस हिंसा के जरिए सत्ता परिवर्तन का मॉडल अपनाना चाहती है : राजनाथ

लखनऊ,संवाददाता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर किए जा रहे विरोध–प्रदर्शन के जरिए देश में अस्थिरता पैदा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विरोध केवल चुनाव आयोग या मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर सरकार को सत्ता से हटाना है। लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ष्सत्ता परिवर्तन के लिए हिंसा का सहारा लेने वाल ष्बांग्लादेश मॉडलष अपनाना चाहती है। कांग्रेस का आंदोलन



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार या एसआईआर के खिलाफ नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश है। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर सत्ता में रहते हुए चुनाव आयोग को अपने प्रभाव में रखने का आरोप भी लगाया। उन्होंने वर्ष 1993 का हवाला देते हुए कहा कि उस समय कांग्रेस ने चुनाव आयोग में रातोंरात बदलाव किए थे। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर तत्कालीन चुनाव आयुक्त नवीन चावला को हटाने की सिफारिश की थी। इसके बावजूद बाद में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में चावला को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद तक पहुंचाया गया। राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्ष 1993 से पहले मतदाताओं की पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र की व्यवस्था नहीं थी। उनके मुताबिक, मतदाता पहचान पत्र लागू होने के बाद कांग्रेस अपने दम पर केंद्र में सरकार बनाने में सफल नहीं रही। उन्होंने इन उदाहरणों के जरिए कांग्रेस पर चुनावी संस्थाओं के साथ राजनीतिक हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया और कहा कि आज वही पार्टी चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल उठा रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस का मौजूदा विरोध विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिखाई दे रहा है, लेकिन इसके पीछे व्यापक राजनीतिक उद्देश्य है।

विदेशी नौकरी का लालच देकर 22 लाख की ठगी, साइबर विंग ने गुरुग्राम से दबोचा आरोपी

रायपुर,एजेंसी। राजस्थान पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी वसीम हुसैन के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध) विजय कुमार सिंह ने बताया कि जयपुर निवासी एक व्यक्ति से तीन मई 2024 को फेसबुक पर 'डायोन मार्ले' नामक महिला ने दोस्ती की थी। उन्होंने बताया कि उस महिला ने खुद को अमेरिका का निवासी और इंग्लैंड की एक दवा कंपनी में लेखाकार बताते हुए परिवादी के बेटे को विदेश में नौकरी दिलाने तथा खुद भारत आने का झांसा दिया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद हवाई अड्डे, सीमा शुल्क, धनशोधन प्रमाणपत्र और आयकर जैसे शुल्कों के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में कुल 22 लाख रुपये जमा करवा लिए गए। सिंह ने बताया कि गिरोह के सदस्यों ने सीमा शुल्क और अन्य विभागों के अधिकारी बनकर फोन पर बात की तथा व्हाट्सऐप पर कूटरचित रसीदें व दस्तावेज भेजे। उन्होंने बताया कि रकम देने से इनकार करने पर परिवादी को जान से मारने की धमकी देकर उससे और रुपये जमा करवाए गए। अधिकारी ने बताया कि गिरोह सोशल मीडिया के माध्यम से बुजुर्गों और अकेले रहने वाले लोगों को निशाना बनाता था तथा ठगी की रकम के लेनदेन के लिए 'म्यूल' बैंक खातों का इस्तेमाल किया जाता था। 'म्यूल' बैंक खाते धोखाधड़ी के इरादे से किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर खोले गये खाते होते हैं। सिंह ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से पता चला कि वसीम हुसैन ने अपने तीन बैंक खाते उपलब्ध कराए थे, जिनमें परिवादी से ठगी गई करीब 4.12 लाख रुपये की राशि जमा हुई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने यह रकम दूसरे खातों में अंतरित की या एटीएम से निकालकर गिरोह के सदस्यों को सौंप दी।

अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में नशे की समस्या पर भाजपा और अमित शाह को घेरा

नई दिल्ली,एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पंजाब में नशे के खतरे और बढ़ते संगठित अपराध से संबंधित गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी का जवाब देते हुए राज्य में इस समस्या के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने



2007 से 2017 के बीच पंजाब में नशा फैलाने के लिए चिट्टा पार्टी के साथ सांठगांठ की थी। उन्होंने पूछा, ''क्या अब आप (भाजपा) उसी पार्टी के साथ मिलकर पंजाब में नशा बेचकर फिर से अरबों रुपए कमाने के सपने देख रहे हो? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा ने पंजाब में गैंगस्टर संस्कृति (अपराधिक गिरोहों के वर्चस्व) को बढ़ावा देने में शामिल लोगों को साबरमती जेल में संरक्षण प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने अदाणी बंदरगाह के माध्यम से नशीले पदार्थों की कथित आवाजाही को लेकर भी सवाल उठाए। केजरीवाल की यह टिप्पणी शाह के उस आरोप के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पंजाब पनपते नशे के कारोबार, गैंगस्टरों और संगठित अपराध के बढ़ते खतरे से जूझ रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा था कि आज भगवंत मान सरकार के सामने सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर पंजाब की जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? शाह ने कहा, ''भगवंत मान जी, पंजाब की जनता को प्रचार नहीं, जवाब, घोषणाएं नहीं, परिणाम, नशे के नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार और अपराधियों को मिलने वाले किसी भी राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच चाहिए।'' गृह मंत्री पर पलटवार करते हुए केजरीवाल ने पूछा, ''आज सबसे ज्यादा नशा उन राज्यों में है जहां कई कई सालों से आपकी सरकारें हैं।

संसद में विधेयक थोपने की कोशिश न करें

परिसीमन पर पीएम मोदी को मल्लिकार्जुन खरगे की चेतावनी

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से परिसीमन के नए प्रस्तावों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि संसद में व्यापक प्रभाव वाले संविधान संशोधन विधेयक को पहले की तरह जबरन पारित कराने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। खरगे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि नए प्रस्तावों को संसद में विचार के लिए अंतिम रूप देने से पहले सभी राजनीतिक दलों के साथ विस्तार से चर्चा की जाए। खरगे ने संसद के मानसून सत्र के सत्रावसान में हो रही देरी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के 64 दिन बाद भी लोकसभा और राज्यसभा का सत्रावसान नहीं हुआ है। खरगे ने इस स्थिति को अभूतपूर्व बताया। उनका कहना है कि परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सरकार को सभी राजनीतिक दलों को



चर्चा का पर्याप्त मौका देना चाहिए। खरगे ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि उन्होंने 11 अप्रैल को ही परिसीमन से जुड़े किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को लाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया था। उनके मुताबिक, सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसके बजाय 14 अप्रैल की देर शाम विधेयक सार्वजनिक किए गए और 16 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया गया। खरगे ने कहा कि 17 अप्रैल को लोकसभा में परिसीमन से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक जरूरी दो–तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका। खरगे के मुताबिक, उन्होंने 16 जुलाई और 27 अगस्त को भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग दोहराई थी। अब उन्होंने चौथी बार यह मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को आपस में विचार–विमर्श करने, दूसरे दलों के साथ चर्चा करने और संबंधित पक्षों की राय जानने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। परिसीमन के नए प्रस्तावों पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री सर्वदलीय बैठक बुलाएं। प्रस्तावों को संसद में विचार के लिए अंतिम रूप देने से पहले सभी दलों से विस्तार से चर्चा हो। राजनीतिक दलों को आपस में और अन्य संबंधित पक्षों के साथ विचार–विमर्श के लिए पर्याप्त समय मिले। सरकार संविधान संशोधन विधेयक को संसद में जबरन पारित कराने की कोशिश न करे।

गरीबों को मिले 15000 रुपये तक मासिक मदद, शुभेंदु अधिकारी ने की मांग

कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यह सुनिश्चित करना 'हमारी' जिम्मेदारी है कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर माह 12,000 से 15,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिले। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में दुर्गा पूजा पंडालों के उद्घाटन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को उन परिवारों की जिम्मेदारी लेनी ही चाहिए जिन्हें वास्तव में आर्थिक मदद की जरूरत है। शुभेंदु अधिकारी का नंदीग्राम से लंबे समय से राजनीतिक जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा, '' हमें उन परिवारों की जिम्मेदारी लेनी होगी जो वास्तव में आर्थिक रूप से कमजोर हैं और जिन्हें मदद की जरूरत है। हमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से उनके लिए हर महीने 12,000 से 15,000 रुपये की व्यवस्था करनी होगी।''

दिल्ली पुलिस ने सीजेपी संयोजक अभिजीत दिपके को हिरासत में लिया, सीपी मार्च रोका

नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के 'लहरा दो तिरंगा' विरोध प्रदर्शन के दौरान, दिल्ली पुलिस ने पार्टी के संयोजक अभिजीत दिपके को एहतियातन हिरासत में ले लिया है। कनॉट प्लेस में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' विरोध प्रदर्शन से पहले, मध्य दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बीच, शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने एक संदेश जारी कर



लोगों से राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने और इसे फहराने से जुड़े नियमों का पालन करने की अपील की। एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में दिल्ली पुलिस ने कहा कि हमारा तिरंगा सर्वोच्च सम्मान का हकदार है। हर काम में देशभक्ति झलकनी चाहिए। तिरंगे का सम्मान करें। इसके गौरव को बनाए रखें। इस पोस्ट के साथ एक ग्राफिक भी था, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज फहराने के नियम बताए गए थे। इन नियमों के अनुसार, तिरंगे को हमेशा सम्मानजनक स्थान पर रखा जाना चाहिए, इसे कभी भी केसरिया पट्टी नीचे करके नहीं फहराया जाना चाहिए, और इसका इस्तेमाल कपड़ों या किसी चीज़ को ढकने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। पुलिस का यह संदेश ब्भ्च द्वारा कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में शाम 5 बजे प्रस्तावित कार्यक्रम से कुछ घंटे पहले आया है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने यह कार्यक्रम तब बुलाया है, जब पार्टी के नेता सौरव दास और आशुतोष रंका को एक पिछले विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लेने के बाद 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

विपक्ष का असली एजेंडा सत्ता परिवर्तन, नितिन नवीन का आरोप– अरबन नक्सल रच रहे साजिश

नई दिल्ली,एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वह विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत करके भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर



रहा है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष की सत्ता परिवर्तन की मांग ने उसके असली एजेंडे को उजागर कर दिया है। उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं के खिलाफ चल रहा आंदोलन वास्तव में सत्ता परिवर्तन की लड़ाई बन गया है। भाजपा ने प्रदर्शनकारियों पर आरोप लगाया कि वे बिना किसी चुनावी जनादेश के, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि इस आंदोलन का मकसद चुनावी सुधार करना नहीं, बल्कि राजनीतिक अस्थिरता पैदा करना है। नबिन ने कहा कि शासन परिवर्तन' जैसे शब्दों के इस्तेमाल ने देश के सामने विपक्ष के असली एजेंडे को पूरी तरह उजागर कर दिया है। उन्होंने विदेशी समर्थन से भारत को अस्थिर करने की कथित कोशिश को ष्अर्बन नक्सलियोंष के एजेंडे का हिस्सा बताया। उन्होंने आगे दावा किया कि विपक्ष की लड़ाई चुनावी सुधारों, एसआईआर (ए) या देश के युवाओं के भविष्य के लिए नहीं है, बल्कि इसका मकसद अराजकता फैलाना और किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना है। नबिन ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता तक पहुंचने का रास्ता जनता के जनादेश से होकर गुजरता है, न कि अराजकता से।

उत्तर भारत में आंधी–तूफान और दक्षिण भारत में भारी बारिश की चेतावनी

नयी दिल्ली,एजेंसी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में आंधी–तूफान, बिजली गिरने और 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी दी है। वहीं, दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने और तीन राज्यों में अचानक बाढ़ (फ्लैश–फ्लड) आने का अनुमान जताया है। शुक्रवार सुबह मौसम बुलेटिन में आईएमडी ने 16 अक्टूबर को हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश होने का अनुमान जताया है। हालांकि, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पंजाब में बारिश मुख्य रूप से शुक्रवार तक ही सीमित रहने की संभावना है, और 17 से 22 अक्टूबर के बीच मौसम शुष्क रहने के आसार



हैं। विभाग ने 16 अक्टूबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है। इसके अलावा, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तटीय कर्नाटक, केरल और माहे के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों में दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी रहने की उम्मीद है। 16 से 19 अक्टूबर तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में, तथा 16 से 22 अक्टूबर तक केरल, माहे, लक्षद्वीप, तटीय कर्नाटक और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में काफी व्यापक से लेकर व्यापक बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी ने 17 अक्टूबर को सुबह 5रू30 बजे तक के 24 घंटों के दौरान तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ (फ्लैश–फ्लड) का कम से कम मध्यम स्तर का जोखिम होने की चेतावनी दी है। प्रभावित क्षेत्रों में तमिलनाडु के इरोड, नीलगिरि, थेनी, विल्लुपुरम और कुड्डालोर जिले; केरल के एर्नाकुलम और पलक्कड़; तथा कर्नाटक के कोडागु और चिकमगलूर जिले शामिल हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि भारी बारिश के कारण सतह पर पानी का बहाव, निचले इलाकों में जलभराव, और कुछ जगहों पर भूस्खलन या मिट्टी धंसने की घटनाएं हो सकती हैं, खासकर उन इलाकों में जहां जमीन पहले से ही पूरी तरह पानी से संतृप्त है। तेज हवाओं और भारी बारिश से खड़ी फसलों, बागवानी के पौधों, कमजोर ढांचों और सड़कों को नुकसान पहुंच सकता है, साथ ही सड़क और रेल यातायात भी बाधित हो सकता है। आईएमडी ने संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे बिजली कड़कने के दौरान पेड़ों के नीचे शरण न लें, बिजली के उपकरणों को बंद कर दें और जलाशयों या पानी के स्रोतों से दूर रहें।

संपादकीय

एसआईआर पर गृहमंत्री का जवाब

मतदाता सूची के विशेष गहनपुनरीक्षण यानी एसआईआर को वापस लेने, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाने और वोट चोरी के खिलाफ इस समय देश में जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। सोमवार शाम राहुल गांधी के नेतृत्व में जिस तरह इंडिया ब्लॉक के तमाम नेताओं, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और छात्र संगठनों के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट तक मार्च किया और इसमें कम से कम दो–ढाई लाख लोग जुट गए, उससे अब भाजपा का डर सतह पर आ गया है। वैसे तो एसआईआर के खिलाफ लगातार ही हल्ला बोल हो रहा है, मगर 2 अक्टूबर से संगठित तौर पर आंदोलन शुरु हो चुका है। पहले कॉकरोच जनता पार्टी, सिविल सोसायटी और कांग्रेस अलग–अलग मोर्चा खोले हुए थे, लेकिन राहुल गांधी ने बता दिया कि इस लड़ाई में सब एकजुट हैं, क्योंकि सबके उद्देश्य एक ही हैं। इसके बाद भले कांग्रेस से अंतर दिखाने वाले छिटपुट बयान आते रहें, लेकिन व्यापक तौर पर जनता ने मान लिया है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में ही यह लड़ाई लड़ी जा रही है। मंगलवार को इस आंदोलन से जुड़े तमाम लोगों को चाय पर बुलाकर और फिर सबके साथ प्रेस कांफ्रेंस कर राहुल गांधी ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई में सब साथ हैं। इसके बाद बुधवार सुबह जब अभिजित दिपके के साथियों आशुतोष रांका और सौरव दास को जंतर–मंतर पर तिरंगा फहराने के आरोप में तिहाड़ जेल भेजा गया तब भी राहुल गांधी ने पोस्ट लिख कर बता दिया कि लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में सब साथ हैं और जंतर–मंतर पर तिरंगा फहराना कोई अपराध नहीं है। भाजपा इसी दिन की कल्पना से डरती थी जब राहुल गांधी को सर्वमान्य नेता माना जाएगा। उसने कांग्रेस और राहुल गांधी को सबसे अलग–थलग करने की कई कोशिशें कीं। मगर अब उसमें कामयाबी नहीं मिल रही और चुनाव चोरी के खिलाफ आंदोलन में जनता भी जुट गई, तब अमित शाह को खुद मैदान में उतरना पड़ा। 2 अक्टूबर के बाद से भाजपा के कई नेताओं ने इस मुद्दे पर राहुल गांधी को घेरा लेकिन उनकी बातें असर नहीं डाल पाईं। तो अब खुद गृहमंत्री अमित शाह ने एसआईआर और वोट चोरी पर बयान दिया है। सवाल अब भी वही है कि जब आरोप ज्ञानेश कुमार पर लगे तो जवाब अमित शाह क्यों दे रहे हैं। बल्कि उन्हें तो कायदे से वोट चोरी के आरोपों को नकारने के लिए ज्ञानेश कुमार की जगह किसी अन्य को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर ऐतराज नहीं होना चाहिए, ताकि वे यह साबित कर सकें कि भाजपा जो चुनाव पर चुनाव जीत रही है, वो चुनाव आयोग की गड़बड़ियों से नहीं बल्कि अपने दम पर जीत रही है। लेकिन इसकी जगह अमित शाह ने अपने जवाब में कई और गलतियां कर दीं। अमित शाह ने 2029 में भी भारी बहुमत से चुनाव जीतने का दावा किया और कांग्रेस की बड़ी हार का ऐलान कर दिया। लोकतंत्र में कोई भी नेता चुनाव से तीन साल पहले यह दावा नहीं कर सकता। लेकिन अमित शाह ने किया तो जाहिर हो गया कि वे किस आधार पर ऐसा कर रहे हैं। एसआईआर पर सवाल उठाने वाले तमाम लोग यही पूछ रहे हैं कि बिना किसी ठोस आधार के मतदाताओं के नाम काटे क्यों जा रहे हैं और अचानक जोड़े क्यों जा रहे हैं। किसी भी मतदान केंद्र पर मतदान खत्म होने तक कितने वोट पड़े इसका सही–सही आंकड़ा क्यों नहीं आ पाता है। शाम तक अचानक वोट प्रतिशत बढ़ जाता है और दो–तीन दिन बाद उसमें और ज्यादा इजाफा हो जाता है। एक जगह कितने लोग वोट डालने आए, इसकी सही गिनती करना आखिर कितना कठिन हो सकता है। लेकिन इस पर सवाल उठाने के जवाब में अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं। तो क्या जिन 13 करोड़ लोगों को अचानक एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया गया है, वो सब घुसपैठिए हैं। अगर यही सच है तो फिर अमित शाह गृहमंत्री बन कर क्या कर रहे हैं। देश की सीमाओं को लांघकर 13 करोड़ लोग अगर घुस आए हैं तो यह मोदी सरकार की बड़ी नाकामी है और इसी पर उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। मगर अमित शाह तो बता रहे हैं कि भाजपा का संगठन हर गली–कूचे, दूर–दराज के इलाकों में है और कांग्रेस खेत–खलिहानों, नदी–पहाड़ों सब जगह से गायब है। अमित शाह बता रहे हैं कि गुजरात, बंगाल, उत्तरप्रदेश समेत कई राज्यों में कांग्रेस कई दशकों से हार रही है। एसआईआर पर उठे सवाल को कांग्रेस की हार का हवाला देकर टरकाया नहीं जा सकता। बल्कि राहुल गांधी जिस तरह एक के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं, अमित शाह चाहें तो राहुल गांधी को अपने ही किसी मंच पर आमंत्रित कर उनसे इस बारे में आमने–सामने सवाल–जवाब कर लें।

पहला राउंड तो राहुल के नाम रहा

डॉ. दीपक पाचपोर

केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिएसर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ

अरविन्द मोहन

जब एक बहुत ही ठोस तार्किक आधार पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य चीफ जस्टिस की तरफ से राहुल गांधी से मिलने से इंकार आ गया तो लगा कि मुख्य चुनाव आयुक्तज्ञानेश कु मार और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की गड़बड़ियों के खिलाफ चलाने वाले आंदोलन को झटका लगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम इसी मामले में कई अर्जियों पर विचार कर रहे हैं इसलिए किसी एक पक्ष से मिलने का मतलब फैसले पर उसकी छाया आने देना होगा। अगर आपको कोई शिकायत है तो आप भी याचिका के माध्यम से आइए हम उस पर सुनवाई करेंगे। बाकी देश ने इस राय को सही माना लेकिन केरल कांग्रेस ने झट से मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ ही पोस्ट किया पर उसे जल्दी हटाया गया और कांग्रेस ने तुरंत नई याचिका बनाई जिसमें ज्ञानेश कुमार को हटाने की असंभव मांग भी है। सबको मालूम है कि यह काम सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। लेकिन उसे दाखिल करने के बहाने उसने इंडिया गठबंधन का प्रभावशाली रोड शो जरूर तैयार कर लिया और पहली बार ग्यारह दलों के नेता साथ दिखाई दिए। यह मामला वैसे भी लीगल लड़ाई से ज्यादा राजनैतिक लड़ाई का बन चुका है और कांग्रेस के इस दांव से लगा कि पहले दौर में उसकी बढ़त हो गई। कांग्रेस ने आगे के लिए भी लंबा चौड़ा कार्यक्रम दिया है। भविष्यवाणी से बचना चाहिए लेकिन हमने देखा है कि ऐसा कार्यक्रम चलाना अब उसके संगठन के वश में नहीं रहता। राहुल कुछ कर जाते हैं और कांग्रेसी दम साध लेते हैं। पर इसी दौरान कानूनी लड़ाई के नतीजे भी आएंगे। कांग्रेस और कॉकरोच जनता पार्टी नए राउंड दो की भी घोषणा कर रखी है। मौजूदा दौर में जिस तरह ज्ञानेश कुमार ने सैकड़ों सांसदों के साथ ज्ञापन देने आए विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मिलने से इन्कार किया उससे भी आंदोलन को बल मिला और आंदोलन पूरी शृंखला में आएगा यह उम्मीद भी नहीं थी। चुनाव आयोग के बाद राजघाट जाने का कार्यक्रम भी एक सरप्राइज था और सफल माना जा सकता है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की तरफ से इस मामले में राष्ट्रपति को शिकायत करने वाला दांव भी खास प्रभावी नहीं हुआ क्योंकि राष्ट्रपति ने बहुत ही आराम से मिलने का समय दिया, ज्ञापन रखा। उससे पहले कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन वाले दिन जरूर चार पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत सात हजार से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी और दिल्ली को छावनी में बदलने के बावजूद आंदोलनकारियों के हौसले ने सरकार को ही बैकफुट पर ला दिया था। लेकिन उसके नेताओं की सशर्त रिहाई की सच्चीझूठी चर्चा ने हवा बिगाड़ी। मध्य दिल्ली को युद्ध क्षेत्र बनाने की लड़ाई के इस पहले दौर ने कई बातें स्पष्ट कीं। पहली तो यही कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर नरम पड़ने के बावजूद न तो ज्ञानेश कुमार बदलने को तैयार हैं न सरकार उनका साथ छोड़ने जा रही है। और इसके लिए उसने दिल्ली को छावनी में बदलने से लेकर इटारसी तक से गिरफ्तारियां करने और ट्रेन, मेट्रो, बस बंद करने, दफ्तर दुकान बंद कराने तक से परहेज नहीं है। उसे उस जेन जी के खिलाफ जाने की भी खास परवाह नहीं है जिसे हाल तक प्रधानमंत्री और संघ प्रमुख भी बहलाने–फुसलाने में लगे थे। मामला सिर्फ कानूनी तरीकों से शांतिपूर्ण विरोध को रोकने का नहीं था। इस बार तो अदालती आदेश के बावजूद मेट्रो बंदी समेत अनेक काम हुए। दूसरी तरफ जुलाई वाली जंतर–मंतर की हिंसा के बाद भी अपराधियों और पुलिस की वर्दी में गुंडे उतारने का खेल बंद नहीं हुआ जिसको लेकर दुनिया भर में थू थू हुई। इस बार ऐसे गुंडों और पुलिस ने पत्रकारों, खासकर यूट्यूबरों को भी निशाना बनाया और भाजपा के प्रवक्ता दिन भर कुर्ता बंडी चढ़ाए रेडी रहे और टीवी चौनलों पर उनका प्रसारण जारी रहा। हां, जिम्मेदार बड़े नेता जरूर मीडिया में आने से बचते रहे। दिल्ली को छावनी में बदलने और शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों के खिलाफ गैर जरूरी सख्ती ने आम लोगों को भी भाजपा से नाराज किया। अब इस आंदोलन के राजनैतिक रंग लेने और एक दौर में विपक्ष के बढ़त बढ़ाने के कई मतलब है। राहुल–प्रियंका फोकस में रहे और बहुत योजना से बनाए गए। लेकिन इन आंदोलन ने इंडिया गठबंधन को एकजुट कर दिया। इसमें आईसा की आमद मजबूती वाला पक्ष बनी। इसमें ममता बनर्जी की सक्रियता एक नई चीज है। दूसरे यह भी हुआ कि बीजू जनता दल और द्रमुक कांग्रेस से नाराजगी के बावजूद एनडीए में जाने से बचे ही नहीं बीजद तो आंदोलन में शामिल भी हुआ। आंदोलन की एक स्वतंत्र धारा कॉकरोच जनता पार्टी की रही जिसने अपनी ताकत पहले दिखाई है और इस बार भी दस तारीख के उसके काल पर ही ज्यादा हंगामा हुआ। इसमें कांग्रेस ने हिस्सा नहीं लिया तब भी यह दमदार रहा और इसमें अरविन्द केजरीवाल के आप पार्टी सहित वाम दलों ने खुलकर भागीदारी की। कहना न होगा कि इस धारा के किए–धरे का राजनैतिक और चुनावी लाभ कांग्रेस को ही होगा और अगर भाजपा होशियारी से काम लेती तो चुनाव आयोग की गलतियों से निपटने के साथ इस तरह के राजनैतिक विभाजन का लाभ लेने की कोशिश करती। हुआ यह कि चिराग पासवान सहित एनडीए के कई साथी शांतिपूर्ण आंदोलन के समर्थन में दिखे तो बाकी साथी भी उस तरह ज्ञानेश कुमार के फैसलों के पक्ष में न लगे। ज्ञानेश कुमार रहें या जाएं, यह विशेष पुनरीक्षण अभियान आगे जो रूप ले, राहुल गांधी और विपक्ष की राजनीति जहां तक जाए, इस आंदोलन की सफलता न सिर्फ जरूरी है बल्कि इस मुल्क के लोकतंत्र के लिए संजीवनी बूटी का काम कर रही है।

पानी में डूबे फैजुल्लागंज की दर्दनाक कहानी

सैलाब ने सिर्फ घर नहीं डुबोए, हजारों आंखों के ख्वाब, बच्चों की मुस्कान और परिवारों का सुकून भी छीना

जिरगाम खान

कुछ सैलाब सिर्फ घरों में नहीं उतरते, वे इंसान की आंखों, उसकी यादों और उसके दिल में भी हमेशा के लिए बस जाते हैं। पानी उतर जाता है, गलियां फिर दिखाई देने लगती हैं, लेकिन उस पानी के साथ बह जाने वाला सुकून, वह बेफिक्री और अपने घर में महफूज होने का एहसास शायद बरसों तक वापस नहीं लौटता। फैजुल्लागंज की बाढ़ सिर्फ पानी से घिरी बस्तियों की कहानी नहीं है। यह उन परिवारों की दास्तान है, जिनकी आंखों के सामने उनकी मेहनत, उनकी जमा–पूंजी और उनकी जिंदगी का सबसे प्यारा ठिकाना पानी में डूबता चला गया। यह उन मांओं की कहानी है, जो अपने बच्चों को सीने से लगाकर उन्हें तसल्ली देती रहीं, जबकि उनके अपने दिल में डर और बेबसी का तूफान उठ रहा था। यह उन बापों की कहानी है, जो परिवार को महफूज जगह पहुंचाने की कोशिश करते रहे, मगर अपने घर को बचाने के लिए उनके पास कोई रास्ता नहीं था। और यह उन बच्चों की भी कहानी है, जिन्होंने शायद पहली बार महसूस किया कि कभी–कभी अपना घर भी इंसान को महफूज नहीं रख पाता। जब सुबह हुई, तो रास्ते पानी में गुम हो चुके थे उस दिन फैजुल्लागंज की सुबह कुछ अलग थी।

सूरज आसमान पर था, लेकिन उसकी रोशनी जैसे पानी में कहीं खो गई थी। गलियां थीं, मगर रास्ते नहीं थे। घर थे, लेकिन चौखटों तक पहुंचने का रास्ता नहीं था। चारों तरफ पानी था और उस पानी के बीच जिंदगी किसी तरह खुद को बचाए रखने की कोशिश कर रही थी। पहले नाले उफनाए। फिर पानी धीरे–धीरे गलियों में दाखिल हुआ। देखते ही देखते वह दरवाजों तक पहुंच गया और फिर घरों के अंदर घुसने लगा। किसी ने ईंट लगा कर तख्त और बेड ऊंचे कर दिए। किसी ने सामान छत पर पहुंचा दिया। किसी ने जरूरी कागजात समेटे, तो किसी ने बच्चों को सुरक्षित जगह ले जाने की तैयारी शुरू कर दी। हर कोई अपने हिस्से की जिंदगी बचाने में लगा था। लेकिन पानी को किसी की मजबूरी का एहसास नहीं था। वह बढ़ता रहा। घरों में दाखिल होता रहा और लोगों को उनकी ही चौखट से बेदखल करता रहा। फैजुल्लागंज की गलियों में उस वक्त सबसे दर्दनाक तस्वीर उन परिवारों की थी, जिन्हें अपना घर छोड़कर नकल ए मकानी (पलायन) पर मजबूर होना पड़ा। कंधे पर सामान की छोटी–सी गठरी, गोद में बच्चा, हाथ में जरूरी सामान और आंखों में हजार सवाल। पीछे मुड़कर देखते तो अपना घर दिखाई देता। वही घर, जिसमें कभी बच्चों की हंसी गूंजती थी। वही दीवारें, जिनके बीच त्योहार मनाए गए थे। वही आंगन, जहां परिवार के लोग साथ बैठकर खाना खाते थे। वही छत, जिसके नीचे किसी ने अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के सपने देखे थे। आज उसी घर में पानी भरा था। एक आदमी घर से निकलते वक्त बार–बार पीछे मुड़कर देखता है। शायद उसके मन में एक ही सवाल उठता है। "पता नहीं, लौटकर आऊंगा तो मेरा घर मुझे उसी हालत में मिलेगा भी या नहीं?" उस सवाल का जवाब उसके पास नहीं। प्रशासन के पास क्या जवाब है, यह भी उसे मालूम नहीं। वह बस अपना घर छोड़कर आगे बढ़ जाता है। लेकिन सच तो यह है कि उसका शरीर घर से बाहर निकलता है, उसका दिल वहीं रह जाता है। 'अपना घर छोड़कर दूसरों के यहां रहना भी एक दर्द है' बाढ़ की सबसे तकलीफदेह तस्वीरों में एक तस्वीर वह भी है, जो कैमरों में शायद ही कभी दिखाई देती है। वह तस्वीर है अपना घर छोड़कर किसी रिश्तेदार, दोस्त या अहबाब के यहां मजबूरी में पनाह लेने वाले परिवार की। जिस इंसान ने जिंदगी भर अपनी छत के नीचे रहने का सपना देखा हो, जिसके लिए घर सिर्फ ईंट, गारे और सीमेंट की इमारत नहीं, बल्कि उसकी इज्जत, पहचान और सुकून का नाम हो, उसके लिए अपना घर छोड़कर दूसरे के यहां ठहरना कितना मुश्किल होता होगा, इसे वही समझ सकता है जिसने ऐसी मजबूरी का सामना किया हो। रिश्तेदार दरवाजा खोलता है। दोस्त अपने घर में जगह देता है। कोई कहता है, "भाई, जब तक चाहो यहीं रहो।" कोई अपने बच्चों के साथ बाढ़ पीड़ित परिवार के बच्चों को भी जगह देता है। कोई बिस्तर देता है, कोई खाना खिलाता है, तो कोई जरूरत का सामान जुटाता है। यह इंसानियत का खूबसूरत चेहरा है। लेकिन मेजबान के चेहरे पर मुस्कान देखकर भी मजबूर होकर आए परिवार के दिल का दर्द खत्म नहीं होता। वह अपने मेजबान की मेहरबानी का शुक्रगुजार होता है, मगर भीतर ही भीतर अपने घर को याद करता रहता है। रात को जब सब सो जाते हैं, तो उसे अपना घर याद आता है। अपनी चारपाई , तख्त अपना बेड याद आता है। अपना कमरा, अपनी रसोई, अपना आंगन और वह जगह याद आती है, जहां वह बिना किसी झिझक के बैठ सकता था। यहां उसे जगह मिली है, मोहब्बत मिली है, सहारा मिला है, लेकिन अपना घर तो अपना ही होता है। कई बार वह अपनी परेशानी बताने से भी हिचकता है। उसे डर लगता है कि कहीं उसकी वजह से मेजबान परिवार को परेशानी तो नहीं हो रही। कहीं उसके बच्चों के कारण दूसरे बच्चों को तकलीफ तो नहीं हो रही। कहीं वह जरूरत से ज्यादा दिन तो नहीं रुक गया। वह बार–बार कहता है, "बस, पानी उतर जाए तो हम अपने घर चले जाएंगे।" लेकिन यह कहते हुए शायद उसे खुद भी नहीं मालूम होता कि पानी कब उतरेगा, घर कब रहने लायक होगा और जिंदगी कब फिर पटरी पर लौटेगी। उसके बच्चे दूसरे घर में खेलते हैं, लेकिन अपने घर की तलाश उनकी आंखों में बनी रहती है।

उनकी मां दूसरों की रसोई में खाना बनाते हुए अपने उस चूल्हे को याद करती है, जहां कभी उसके परिवार का खाना पकता था। घर का मुखिया दिन में लोगों के सामने हिम्मत दिखाता है, मगर रात को उसे अपनी जिम्मेदारियां याद आती हैं। घर की मरम्मत कैसे होगी? भीगा हुआ सामान कहां रखा जाएगा? बच्चों की पढ़ाई कैसे चलेगी? रोजी–रोटी का क्या होगा? और सबसे बड़ा सवाल, अगर अगली बारिश में फिर यही सब हुआ तो क्या करेंगे? जरा सोचिए, किसी इंसान के लिए इससे बड़ी बेबसी क्या होगी कि वह अपने ही घर में लौटने के लिए पानी उतरने का इंतजार करे और उसे यह भी न पता हो कि उसका इंतजार कितने दिनों का है। किसी को पनाह देना इंसानियत है, लेकिन किसी को अपना घर छोड़ने पर मजबूर न होना पड़े, ऐसा इंतजाम करना शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी है। फैजुल्लागंज के बाढ़ पीड़ितों को रिश्तेदारों और दोस्तों का सहारा जरूर मिला है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर कब तक लोग अपनी मजबूरी का बोझ अपनों के कंधों पर रखते रहेंगे? बच्चों के लिए सैलाब अब सिर्फ बारिश का पानी नहीं रहा। वह डर बन गया है। किसी की किताबें भीग गईं। किसी का स्कूल का बैग पानी में खराब हो गया। किसी के खिलौने बिखर गए। किसी का स्कूल जाना बंद हो गया। लेकिन बच्चों का सबसे बड़ा नुकसान उनके सामान का नहीं, उनके मन के सुकून का है। वे पानी देखते हैं तो सहम जाते हैं। वे अपनी मां से पूछते हैं, "अम्मी, हम अपने घर कब जाएंगे?" मां उन्हें सीने से लगा लेती है। "जल्दी जाएंगे बेटा।" वह यह कह तो देती है, मगर उसके पास भी कोई पक्की तारीख नहीं होती। बच्चा फिर पूछता है। "अम्मी, हमारे घर का पानी कब निकलेगा?" मां खामोश हो जाती है।

राहुल गांधी का सच, जिससे भाजपा हार गई

सर्वमित्रा सुरजन

राहुल गांधी को जब भाजपा किसी तरह हरा नहीं पाती है, तो आखिर में उनके चरित्र हनन पर उतर आती है। यहां हराने से मतलब चुनाव में हराना नहीं है। बल्कि आशय भारत के लोकतंत्र और संविधान बचाने के उनके संघर्ष में हराने से है। इस संघर्ष में राहुल गांधी पहले लगभग अकेले ही चले थे, तब भट्टा परसौल और नियामगिरी के जंगलों में पूंजीवादी ताकतों के सामने खड़े लोगों का साथ देने का उनका मकसद था। फिर धीरे–धीरे संघर्ष का दायरा बढ़ता चला गया और साथ ही राहुल गांधी के आसपास खड़े होने वाले लोगों का भी। मजरूह सुल्तानपुरी की पंक्तियों को भी मानो असली अर्थ राहुल ने दिया है कि – मैं अकेला ही चला था जानिब–ए–मंजिल मगर, लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया। पहले कांग्रेस के लोग ही राहुल गांधी के साथ थे, उनमें भी जिन्हें सत्ता का लालच था, वो बहुत जल्द रंग बदलकर दूसरी तरफ चले गए। ऐसे डरपोक लोगों के लिए राहुल गांधी ने खुद ही दरवाजे खोल दिए थे कि जिन्हें भी भाजपा में जाना हो, वो चला जाए, हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं। हमें तो बहादुर, निडर लोग चाहिए। कांग्रेस में अब भी कुछ लोग बचे हैं जो इधर से उधर होने की फिराक में रहते हैं, लेकिन अब राहुल गांधी ने कांग्रेस का दायरा इतना बड़ा कर दिया है कि उनके प्रतिद्वंद्वी भी साथ आने लगे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के वक्त राहुल गांधी ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि उन्होंने शराहुल गांधी को सालों पहले पीछे छोड़ दिया है। नवंबर 2022 में दिए गए इस बयान में उनका कहना था कि पुराने राहुल गांधी (जो मीडिया या राजनीतिक आलोचनाओं से प्रभावित होते थे) को वे पीछे छोड़कर वे एक नए रूप में जनता से जुड़ रहे हैं। सत्ता के अहंकार में डूबी भारतीय जनता पार्टी ने तब न केवल भारत जोड़ो यात्रा के असर को नजरंदाज किया, बल्कि अपनी पुरानी रणनीति को ही कारगर मानते हुए उसी पर पैसे फूंकती रही। भाजपा की नजर में किसी भी राजनेता की सफलता उसकी चुनावी जीत से ही तय होती है। लेकिन जब पूरे संसाधन और संस्थानों पर कब्जा कर एकतरफा चुनाव कराए जा रहे हों, निष्पक्षता और पारदर्शिता को पूरी तरह खत्म कर दिया गया हो, तब जीत भी एकतरफा ही होती है, यह इस समय देश देख रहा है। तो भारत जोड़ो यात्रा को इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता कि उसके बाद भी कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई। बल्कि उसके बाद भाजपा को बहुमत नहीं मिला, यह तथ्य याद रखा जाना चाहिए। इसमें नीतीश कुमार जैसे लोगों को कैसे भाजपा ने अपनी तरफ मिलाया, ऐसी कई कहानियां भी भाजपा की जीत के साथ जुड़ी हुई हैं। बहरहाल, भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी की असली पहचान जनता से करवा दी। जनता ने देखा कि जिस शख्स को भाजपा ने पप्पू कहकर मूर्ख बताने का प्रचार किया, वह तो असल में भारत की असली संस्कृति, उदार इतिहास और समावेशी ताने–बाने को अच्छे से समझता है। जिस शख्स को भाजपा ने युवराज, शाहजादा, राहुल बाबा, जर्सी गाय का बछड़ा आदि अपशब्द कहे, वह तो साधारण कपड़ों में पैदल पूरे देश में बिना किसी तामझाम के चल पड़ा। रात को कहीं भी सोना, किसी के भी साथ खाना खाना, चाय पीना, कहीं कोई दिखावा ही नहीं है। फकीरी अगर किसी को कहते हैं तो वह सही मायने में राहुल गांधी ने ही दिखाई। जिस शख्स को भाजपा ने उसके परिवार के नाम पर बार–बार अपमानित किया। उस परिवार ने तो दो–दो शहादतें दीं और खुद राहुल गांधी ने कहा कि मेरी सफेद टी शर्ट लाल हो जाएगी, इससे ज्यादा और क्या होगा। यानी उनमें अपनी जान बचाने को लेकर कहीं कोई डर ही नहीं है। राहुल गांधी की राजनैतिक समझ पर भी भाजपा ने बहुत सवाल उठाए। अब भी उठा ही रही है और उनके कार्यक्रमों को खारिज करने के लिए रटी–रटाई बात कहती है कि कांग्रेस अपने युवराज को लॉन्च कर रही है, यानी उन्हें राजनीति में जगह दिलाने की कोशिश कर रही है। मगर राहुल गांधी 2004 से लगातार सांसद हैं, और समूचे विपक्ष ने लोकसभा में उन्हें अपना नेता बनाया है, तो यह कम से कम लॉन्चिंग नहीं कहलाएगी। हां, जय शाह को बिना किसी अनुभव के सीधे बीसीसीआई की कमान सौंप देना जरूर लॉन्चिंग थी। बहरहाल, राहुल गांधी की राजनैतिक समझ ऐसी है कि नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन, कोरोना वैक्सीन, शेयर मार्केट के उतार–चढ़ाव, रूपए की गिरती कीमत, अमेरिका के सामने समर्पण और अब वोट चोरी, जब जो उन्होंने कहा, वही कुछ समय बाद सच हो गया। यह सब किसी ज्योतिषी की तरह भविष्यवाणी करने का काम नहीं था, हिंदुस्तान में घूम–घूमकर, लोगों की नब्ज टटोलकर देश को समझने का काम था। राहुल गांधी की स्वीकार्यता इसीलिए बढ़ती जा रही है। इंडिया ब्लॉक के साथ–साथ अब सिविल सोसायटी से जुड़े वे लोग जो कभी राहुल गांधी की राजनीति और रणनीति पर संदेह जताते थे, उन्हें भी अब मानना पड़ रहा है कि राहुल गांधी ने भाजपा, संघ, अडानी–अंबानी आदि के आपसी संबंधों और इन सबको लेकर देश पर कब्जा करने की कोशिश के बारे में जो भी कहा है, वो सही है। इस समय ज्ञानेश कुमार और एसआईआर के जरिए वोट चोरी के खिलाफ खड़े हुए आंदोलन की अगुवाई भी राहुल गांधी ही कर रहे हैं। सोमवार को उनके एक आह्वान पर लाखों लोग सुप्रीम कोर्ट की तरफ मार्च करने के लिए जुट गए। भाजपा के लिए यह सब अप्रत्याशित था। क्योंकि उसने मान लिया था कि उसके दुष्प्रचार तंत्र का असर अब भी होगा और लोग वोट चोरी के आरोपों पर राहुल गांधी के साथ नहीं आएंगे। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ और भाजपा को इससे बड़ा झटका लगा। लिहाजा वह फिर अपने उसी पैंतरे पर उतर आई कि राहुल गांधी को बदनाम करो। इस बार उसने एक महिला पत्रकार के जरिए यह काम करने की कोशिश की। राहुल गांधी पर न्यूज चौनल वनइंडिया की पत्रकार ऋचा पाराशर ने आरोप लगाया कि जब सुप्रीम कोर्ट के भीतर राहुल गांधी पहुंचे तो उन्होंने उन्हें धक्का मारकर नीचे गिराया।

सरकारी स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई पर भारी पड़ रही किट की कीमत

कहीं खाते में नहीं पहुंची 1200 रुपये की सहायता, तो कहीं महंगाई के चलते अधूरी रह गई यूनिफॉर्म किट, पुराने कपड़ों में स्कूल आने को मजबूर नौनिहाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सरकारी परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यूनिफॉर्म, जूते–मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग और स्टेशनरी खरीदने के लिए मिलने वाली 1200 रुपये की सरकारी सहायता कई परिवारों के लिए अब भी इंतजार का विषय बनी हुई है। कहीं अभिभावकों के बैंक खातों में धनराशि नहीं पहुंची है, तो कहीं सहायता राशि मिलने के बावजूद महंगी किट खरीदना अभिभावकों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। नतीजतन, कई बच्चे बिना यूनिफॉर्म तो कुछ पिछले साल के पुराने कपड़े पहनकर स्कूल आने को मजबूर हैं। इससे बच्चों के मनोबल और अभिभावकों की चिंता का सवाल भी सामने आ रहा है।





बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में ऐसे कई बच्चे दिखाई दिए, जिन्हें अपने साथियों की तरह यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल आने की इच्छा है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति उनके रास्ते में बाधा बनी हुई है। बच्चों की जरूरतों और सरकारी सहायता के बीच का यह अंतर परिषदीय विद्यालयों की जमीनी स्थिति को उजागर कर रहा है।

कई बच्चों के खातों में नहीं पहुंची सहायता राशि

कोरांव प्रतिनिधि के अनुसार, कंपोजिट विद्यालय भवानीपुर में कक्षा छह के छात्र समर मिश्रा और सूरज प्रजापति के अभिभावकों के बैंक खातों में 1200 रुपये की सहायता राशि नहीं पहुंची है। किसी तरह पैसों का इंतजाम कर उनके अभिभावक केवल स्कूल बैग ही खरीद सके। वहीं, कक्षा तीन के छात्र अंकित पाल ने बताया कि दूसरे बच्चों को यूनिफॉर्म में देखकर उसका भी मन नई यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल आने का करता है। कक्षा दो के छात्र अनूप कुमार के पिता के खाते में सहायता राशि पहुंचने के बावजूद यूनिफॉर्म नहीं खरीदी जा सकी। विद्यालय में 22 बच्चों के अभिभावकों के खातों में सहायता राशि नहीं पहुंचने की जानकारी सामने आई है।

प्राथमिक विद्यालय मानपुर में कक्षा दो के चांद बाबू और अथर्व सिंह तथा कक्षा तीन के रिहान अंसारी के अभिभावक बाजार में यूनिफॉर्म की कीमत अधिक होने के कारण बच्चों के लिए ड्रेस नहीं खरीद सके। वहीं, प्राथमिक विद्यालय भरथीपुर में कक्षा दो की अनन्या और आदर्श के पिता के खाते में सहायता राशि पहुंच गई, लेकिन इसके बावजूद पूरी किट नहीं खरीदी जा सकी। अभिभावक राजेश कुमार ने बाद में बच्चे को यूनिफॉर्म दिलाने का भरोसा दिया।

खीरी के विद्यालय में भी कई बच्चे यूनिफॉर्म से वंचित

खीरी प्रतिनिधि के अनुसार, कंपोजिट विद्यालय खीरी में भी यूनिफॉर्म की समस्या सामने आई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य समलेश कुशवाहा ने बताया कि कक्षा एक में नामांकित 35 बच्चों में से केवल आठ के खाते में यूनिफॉर्म किट की सहायता राशि पहुंची है, जबकि शेष बच्चे अभी धनराशि का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा विद्यालय में कक्षा दो के दो, कक्षा चार के तीन और कक्षा छह के 23 विद्यार्थियों को भी ड्रेस की सहायता राशि नहीं मिली है।

प्रधानाचार्य ने निजी खर्च से दिलाई यूनिफॉर्म

विद्यालय में पढ़ाई के प्रति उत्साह रखने वाले बच्चों के पास यूनिफॉर्म, जूते–मोजे और अन्य जरूरी सामग्री का अभाव भी दिखाई दे रहा है। कक्षा सात के मेधावी छात्र पन्नालाल के पिता आर्थिक तंगी के कारण उसके लिए यूनिफॉर्म और जूते–मोजे नहीं खरीद सके। बच्चे की पढ़ाई के प्रति रुचि बनी रहे और उसका मनोबल कमजोर न हो, इसके लिए प्रधानाचार्य समलेश कुशवाहा ने निजी खर्च से उसे यूनिफॉर्म, टिफिन और पेन उपलब्ध कराए।

समय पर सहायता मिलने की जरूरत

सरकारी सहायता का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम करना है। लेकिन सहायता राशि मिलने में देरी और बाजार में किट की कीमतों के चलते कई परिवारों के सामने बच्चों की जरूरतें पूरी करने की चुनौती बनी हुई है। ऐसे में अभिभावकों के खातों में समय से सहायता राशि पहुंचाने और वंचित बच्चों की समस्या दूर करने की जरूरत है, ताकि आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी बच्चे को अपने साथियों के बीच असहज महसूस न करना पड़े।

समस्याओं के निस्तारण पर रहेगा जोर : शिवशंकर पटेल

इलाहाबाद – झांसी स्नातक एमएलसी चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी ने प्रयागराज में स्नातक मतदाताओं से मिले, मांगा अपने पक्ष में वोट

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद – झांसी स्नातक एमएलसी निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर पटेल ने आज प्रयागराज में कई कॉलेजों में जाकर प्रबंधक एवं शिक्षकों से संपर्क किया और अपने पक्ष में सभी को वोट देने के लिए निवेदन किया। उन्होंने कहा कि समस्याओ के समाधान और व्यवस्था परिवर्तन के लिए चुनाव



मैदान में हूं। एमएलसी प्रत्याशी शिव शंकर पटेल जीजीआईसी में प्रवक्ता पद से सेवानिवृत शिक्षक है जो बुंदेलखंड विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं जो सामाजिक व्यक्ति हैं। झांसी के मूल निवासी हैं। एमएलसी निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर पटेल ने आज मुटठीगंज, कीटगंज, बलुआघाट क्षेत्र में रहने वाले स्नातक मतदाताओं से अपनी बात रखते हुए अपने पक्ष में मतदान की बात कही। एमएलसी निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर पटेल ने समर्थको सहित सोराव पहुंचे। सभा को संबोधित करने के बाद ईश्वर दिन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा, लाल चंद्र इंटर कॉलेज जसरा के बाद विधायक वाचस्पति के एमवी कॉन्वेंट इंटर कॉलेज गौहनिया में जनसंपर्क के बाद मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज,श्रृंगी ऋषि इंटर कालेज घटवा पहुंचे। वहां से राम अभिलाष इंटर कालेज अकोढ़ा कौंधियारा, कृषक इंटर कालेज पटेल नगर जारी, नारीबारी,परमानन्द इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज खीरी,शिव जियावन इंटर कॉलेज लेडियारी, टीकर मर्यादपुर,सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरों कोराव,गोपाल इंटर कॉलेज कोराव,शिव जोखन इंटर कॉलेज जवाइन,के अलावा बाजार में लोगो से मिलकर प्रथम वरीयता का वोट मांगा। एमएलसी निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर पटेल ने यमुनापार प्रयागराज का लोगों ने बड़े ही जोश के साथ स्वागत करते हुए मतदान का आश्वासन दिया।

यूपी बोर्ड के 5,905 विद्यालय 22 तक जमा करें नामावली : भगवती सिंह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। यूपी बोर्ड के शैक्षिक सत्र 2026 – 27 के कक्षा–9 एवं 11 के अग्रिम पंजीकरण तथा कक्षा 10 एवं 12 के परीक्षा आवेदन से सम्बन्धित अभ्यर्थियों की नामावली प्रदेश के कुल 5,905 विद्यालयों ने अभी तक जनरेट नहीं की है, जबकि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संस्था के प्रधानाचार्य को अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली, कोषपत्र की एक प्रति सहित अन्य जानकारी यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों को 15 अक्टूबर तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा कराया जाना था। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि उक्तानुक्रम में अभ्यर्थियों से सम्बन्धित नामावली जनरेट ध डाउनलोड कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा किये जाने के लिए अन्तिम तिथि 22 अक्टूबर तक बढाई जाती है। तदनुसार सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

बैरिस्टर राम आधार पाण्डेय चौक का हुआ अनावरण, पुण्यतिथि पर प्रयाग के पुरोधा को किया गया नमन





महापौर गणेश केशरवानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ समारोह, विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. उपाध्याय सहित हजारों अधिवक्ताओं एवं गणमान्य विभूतियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर समाजवादी चिंतक एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट के अग्रणी अधिवक्ता स्व. बैरिस्टर राम आधार पाण्डेय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर मोतीलाल नेहरू रोड स्थित चौराहे का नामकरण 'बैरिस्टर राम आधार पाण्डेय चौक' किए जाने के उपरांत उसका अनावरण समारोहपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में प्रयागराज के महापौर गणेश केशरवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शहर उत्तरी के विधायक श्री हर्षवर्धन वाजपेयी तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सी. पी. उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अमरेंद्र नाथ सिंह एवं श्री अशोक सिंह सहित हजारों की संख्या में अधिवक्तागण तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से जुड़ी अनेक प्रतिष्ठित विभूतियां उपस्थित रहीं।

स्व.बैरिस्टर राम आधार पाण्डेय का जीवन स्वतंत्रता संग्राम, समाजवादी विचारधारा, विधिक परंपरा और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण रहा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष, विधान परिषद सदस्य तथा उत्तर प्रदेश सरकार में स्थानीय निकाय विभाग के पूर्व मंत्री के रूप में उन्होंने सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान दिया। आचार्य नरेंद्र देव, डॉ. राममनोहर लोहिया, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्वों के साथ उनके आत्मीय संबंध और वैचारिक सहभागिता प्रयाग की राजनीतिक विरासत का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहे।

उनके नाम पर चौक का अनावरण उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सिद्धांतनिष्ठ विचारधारा और सामाजिक योगदान के प्रति सार्वजनिक सम्मान का प्रतीक है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित कराने के साथ प्रयागराज की समृद्ध राजनीतिक और विधिक परंपरा को भी स्मरण कराती रहेगी।

इस अवसर पर स्व. बैरिस्टर राम आधार पाण्डेय जी के पुत्रद्वय वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पाण्डेय 'बबुआ' एवं अमिताभ पाण्डेय ने समारोह में उपस्थित महापौर गणेश केशरवानी, विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सी. पी. उपाध्याय, पूर्व अध्यक्षों, अधिवक्तागण, इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय से जुड़ी विभूतियों तथा समस्त गणमान्य अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने पिता की स्मृति को सम्मान प्रदान करने और पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

क्षेत्र में विकास कार्यो पर रहेगा जोर : अशोक कुमार राठौर

इलाहाबाद – झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी क्षेत्र में लोगों से रोज मिल रहे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद – झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने आज प्रयागराज, कौशाम्बी सहित अन्य जिलों में स्नातक मतदाताओं से मिलकर अपनी और



भाजपा के विकास कार्यो और संभावित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्नातक मतदाताओं से कहा कि वह लंबे समय से मतदाताओं के बीच है ऐसे में उनको उनकी समस्याओ की पूरी जानकारी है उसका वह त्वरित निस्तारण करवाएगे।

इलाहाबाद – झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने कहा कि शिक्षकों और स्नातकों की समस्याओ को वह सुनकर उसका त्वरित निस्तारण कराएगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विपक्ष के लोगों के पास कोई मुद्दा नही है ना ही वह आप के लिए चुनाव लड रहे है बल्कि छह वर्ष सत्ता का सुख भोगा है उसी की लालसा को पूरा करने के लिए लगे हुए है जिसे अब भाजपा और उसके देवतुल्य कार्यकर्त्ता पूरा नही होने देगे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने मतदान केन्द्रो पर लगाये जाने वाले बस्ते के तैयारियो की समीक्षा किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इलाहाबाद – झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर के पक्ष में बडी संख्या में लोगों से मतदान की मांग किया। शहर उत्तरी से भाजपा विधायक ई हर्षवर्धन बाजपेयी ने शहरी उत्तरी के दर्जन भर मोहल्लों के लोगों से 23 अक्टूबर को भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर के पक्ष में पहला वोट देने की मांग किया है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक(विद्युत/सामान्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. निविदा सूचना संख्याः** ई–निविदा–एल–37–26–27; **कार्य का नामः** रेवती में विद्युत कार्य कनेक्शनः **(i)** IBS को ब्लॉक सेक्शन में परिवर्तित करना। **(ii)** प्लेटफॉर्म संख्या–01 का विस्तार करते हुए इसे उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म में परिवर्तित करना तथा इसकी लंबाई 580 मीटर तक बढ़ाना।; **अनुमानित लागतः** ₹46,34,630.81; **अमानत राशिः** ₹92,700/–; **कार्य समापन का समयः** 04 माह; **निविदा समापन की तिथि एवं समयः** 10.11.2026 को 14:30 बजे; **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 10.11.2026 को 14:30 बजे; **क्र.सं. 2. निविदा सूचना संख्याः** ई–निविदा– एल–38–26–27; **कार्य का नामः** वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजन हेतु सुविधाओं की व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य कनेक्शन। **अनुमानित लागतः** ₹42,06,182.03; **अमानत राशिः** ₹84,100/–; **कार्य समापन का समयः** 04 माह; **निविदा समापन की तिथि एवं समयः** 10.11.2026 को 14:30 बजे; **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 10.11.2026 को 14:30 बजे। उपरोक्त ई–निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य मुजाहि/विद्युत–225 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

मिशन शक्ति के तहत रैली निकालकर छात्राओं को किया जागरूक

थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह के नेतृत्व में चला अभियान, महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज–6.0 अभियान के तहत शुक्रवार को थाना खीरी, कमिश्नरेट प्रयागराज की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम ने सिरहिर स्थित के. राम आरपी इंटर कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान रैली के माध्यम से छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान, कानूनी अधिकारों और महिला सशक्तीकरण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम थानाध्यक्ष खीरी वीर प्रताप सिंह एवं उपनिरीक्षक निकिता वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

रैली के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने प्रचार–प्रसार सामग्री एवं पोस्टरों के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। छात्राओं को वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया।

पुलिस टीम ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए जरूरत पड़ने पर संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।



मिशन शक्ति टीम के इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत करने के साथ ही महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने का संदेश जन–जन तक पहुंचाना रहा।

मुक्त विश्वविद्यालय में स्क्रुटनी के लिए आवेदन 27 अक्टूबर तक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 16 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने जून–2026 परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी सूचना के अनुसार, जून–2026 सत्र की परीक्षा में सम्मिलित समस्त परीक्षार्थी जो अपने प्राप्तांक से संतुष्ट नहीं हैं और अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की संवीक्षा (बतनजपदल) कराना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने संवीक्षा हेतु आवेदन की प्रक्रिया पुनः 17 अक्टूबर 2026 से शुरू करने का निर्णय लिया है। इच्छुक छात्र 27 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित शुल्क जमा करते हुए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर संवीक्षा शुल्क और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लें।

गुरुकुल मश्वन्टेसरी स्कूल में 'प्राउड पेरेंट्स' समारोह, अभिभावक सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 16 अक्टूबर। गुरुकुल मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित 'प्राउड पेरेंट्स' समारोह में शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ उनके



अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। सीबीएसई कबड्डी नेशनल, जूडो, शूटिंग, वॉलीबॉल, क्रिकेट, स्केटिंग, नृत्य और संगीत में उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की गई। शैक्षणिक उत्कृष्टता और शत–प्रतिशत उपस्थिति के लिए भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन एवं सेवानिवृत्त आईपीएस डॉ. कृपा शंकर सिंह ने कहा कि अभिभावकों के संस्कार और बच्चों का परिश्रम ही सफलता की नींव हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में परिवार और विद्यालय की संयुक्त भूमिका महत्वपूर्ण है। समारोह में निदेशक वीरेंद्र सिंह, सह–निदेशक रितिज विक्रम सिंह, प्रधानाचार्या अमिता मिश्रा, संस्थापक प्रधानाचार्या अलका अग्रवाल, डॉ. वंदना सिंह और डॉ. अनुराग सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन कविता भार्गव ने किया।

नीलम करवरिया कपरू इलाहाबाद पश्चिम और फूलपुर फाइनल में

आदित्य तिवारी की नाबाद अर्धशतकीय पारी, तैमूर ने झटके चार विकेट, आज होगा खिताबी मुकाबला

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। नीलम करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण के सेमीफाइनल में इलाहाबाद पश्चिम और फूलपुर विधानसभा ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। इलाहाबाद पश्चिम ने फाफामऊ को 80 रन से हराया, जबकि फूलपुर ने मेजा को 44 रन से शिकस्त दी। पहले सेमीफाइनल में इलाहाबाद पश्चिम ने पांच विकेट पर 148 रन बनाए। आदित्य राज तिवारी ने 38 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रन बनाए। जवाब में फाफामऊ की टीम 68 रन पर सिमट गई। मो. तैमूर ने 10 रन देकर चार विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। दूसरे सेमीफाइनल में फूलपुर ने 135 रन बनाए। नितिन यादव ने नाबाद 35, यादवेन्द्र सिंह यादव ने 29 और अथर्व प्रजापति ने 25 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजा की टीम 91 रन पर आउट हो गई। नितिन यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। आयोजन सचिव सक्षम करवरिया ने अतिथियों का स्वागत किया। आज फाइनलरू इलाहाबाद पश्चिम और फूलपुर विधानसभा के बीच खिताबी मुकाबला शनिवार को दोपहर 12रू30 बजे खेला जाएगा।



ग्राम चौपाल में उठा नाली निर्माण और पेंशन का मुद्दा, अधिकारियों ने दिया निस्तारण का भरोसा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी। विकासखंड संग्रामपुर की ग्राम सभाओं चंडेरिया और मुहीबसाह में गुरुवार को 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने



पेयजल, रास्ते, नाली निर्माण, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, कुटुंब रजिस्टर की नकल, राशन कार्ड और पेंशन सहित अन्य समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण का आश्वासन दिया।मुहीबसाह में ग्राम चौपाल की अध्यक्षता कर रहे अजीत सिंह ने बताया कि चौपाल में चार समस्याएं सामने आईं। इनमें कुटुंब रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराने और नाली निर्माण कराने की मांग प्रमुख रही।वहीं, चंडेरिया में आयोजित चौपाल की अध्यक्षता कर रहे मुकेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने कुटुंब रजिस्टर की नकल, राशन कार्ड, पेंशन, नाली निर्माण और सोख्ता गड्ढे बनवाने से संबंधित समस्याएं उठाईं।ग्राम चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को गांव में ही सुनकर उनका समाधान कराना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्राप्त शिकायतों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

म्योहरा के दुर्गा पूजा पंडाल में कन्या भोज का हुआ आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम क्षेत्र के म्योहरा में दुर्गा पूजा पंडाल में शारदीय नवरात्रि के पर्व पर बृहस्पतिवार को भव्य कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान नगर



पंचायत अध्यक्ष रागिनी देवी व अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण केशरवानी सहित पूजा कमेटी के सदस्यों ने सभी कन्याओं को रोली–कुमकुम का तिलक लगाकर पूरे आदर व श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण कराया गया।प्रसाद ग्रहण के बाद अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों ने कन्याओं को दक्षिणा व उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि अष्टमी के दिन मां का भव्य श्रृंगार व 56 भोग का आयोजन होगा एवं नवमी को हवन पूजन दशमी को विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम चेयरमैन रागनी अरुण केशरवानी,चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी,शिवशंकर केशरवानी, मुरारी केसरवानी, हिमांशु केसरवानी, संदीप अग्रहरि, रवि अग्रहरी, लवकुश अग्रहरि , अमरेश अग्रहरि , शनि केसरवानी , आकाश यादव , साहिल यादव , मनीष केसरवानी , अनूप यादव , विपिन मिश्रा , गुड्डू अग्रहरि , अमित केसरवानी,आदि लोग उपस्थित रहे।

एक नवंबर को बुंदेलखंड राष्ट्र समिति मनाएगी काला दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष इंजीनियर प्रवीण पांडेय भारत ने एक नवंबर को काला दिवस मनाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि इस दिन काले कपड़े पहनकर धरना दिया जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम खून से पत्र लिखकर पृथक बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग की जाएगी।



उन्होंने कहा कि वर्ष 1956 में बुंदेलखंड को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बांट दिया गया था। अब इसे एकीकृत कर अलग राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए।

एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं, यातायात शाखा और पुलिस लाइन के अधिकारी–कर्मचारी शामिल रहे।



पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त–दुरुस्त रखने के लिए दौड़ कराई गई। एसपी ने अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा और पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। साप्ताहिक अर्दली रूम में विभिन्न रजिस्टरों की जांच कर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अमेठी में 6 सूत्रीय मांगो को लेकर भाकियू अराजनैतिक ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी में किसानों की समस्याओं और खेती की बढ़ती लागत को लेकर आज शुक्रवार की दोपहार भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने अमेठी तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। संगठन ने एसडीएम पंकज मिश्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को छह सूत्रीय मांगपत्र भेजकर किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके हित में प्रभावी कदम उठाने की मांग की।



भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष हरीश उर्फ चुन्नू सिंह की ओर से 16 अक्टूबर को भेजे गए मांगपत्र में कहा गया है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। डीजल, खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर बढ़ते खर्च से किसान आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं। ऐसे में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना जरूरी है।

किसान यूनियन ने गेहूं का समर्थन मूल्य 5 हजार रुपये और गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग की है। साथ ही किसानों को उपज का उचित मूल्य और बकाया भुगतान दिलाने की बात कही गई है।

मांगपत्र में बेमौसम बारिश और प्राकृतिक आपदाओं से धान, मक्का, मूंग सहित अन्य फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की गई है। इसके अलावा किसानों को समय पर सस्ते और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने तथा आलू की लागत के अनुरूप उचित मूल्य दिलाने की मांग उठाई गई है। जरूरत पड़ने पर आलू की सरकारी खरीद व्यवस्था शुरू करने की भी अपील की गई है।

यूनियन ने बटाई और मौखिक समझौते पर खेती करने वाले किसानों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं और राहत का लाभ देने की मांग की। साथ ही यूरिया और डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता, निर्धारित मूल्य पर बिक्री तथा खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने की बात कही गई है।

संगठन ने मुख्यमंत्री से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की अपील की है।

मंत्रोच्चार के बीच मां कालिका के दरबार में उमड़े श्रद्धालु, घी की पूरियों से किया मां कात्यायनी का पूजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामपुर, अमेठी। शारदीय नवरात्रि के छठे दिन शुक्रवार को संग्रामपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कालिका धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की आराधना के लिए सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना–जाना लगा रहा। श्रद्धालुओं ने 'ध देवी कात्यायन्यै नमः' मंत्र का जाप करते हुए मां कालिका के दर्शन–पूजन किए और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की।मां कात्यायनी को चार भुजाओं वाली सिंहवाहिनी देवी के रूप में पूजा जाता है। उनके एक हाथ में तलवार और दूसरे में कमल का पुष्प सुशोभित है, जबकि अन्य हाथ अभय और वरद मुद्रा में हैं। महिषासुर का वध करने वाली मां कात्यायनी को शक्ति, साहस और कल्याण का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर श्रद्धालु देशी घी में बनी पूरियां, शहद, नारियल और पुष्प लेकर मंदिर पहुंचे। धूप, अगरबत्ती और कपूर से आरती कर भक्तों ने माता के चरणों में शीश नवाया।

देशी घी की पूरियों से महका कालिकन धाम

शुक्रवार को कालिकन धाम का वातावरण देशी घी में तली जा रही पूरियों की सुगंध से महक उठा। दूर–दराज के गांवों से आई महिलाओं ने देशी घी में पूरियां तैयार कर मां को अर्पित कीं। मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। श्रद्धालु पूरे विधि–विधान से पूजन–अर्चन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते नजर आए।

मां कात्यायनी की पूजा से दूर होती हैं बाधाएं

कालिकन धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज ने मां कात्यायनी की महिमा बताते हुए कहा कि जगत जननी मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी पुत्री के रूप में प्रकट हुई थीं। इसी कारण उनका नाम कात्यायनी पड़ा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कात्यायनी की उपासना से भय और नकारात्मकता दूर होती है तथा जीवन की बाधाओं से मुक्ति मिलती है। विवाह में आ रही अड़चनों को दूर करने और सुयोग्य जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए भी उनकी पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है।उन्होंने बताया कि द्वापर युग में ब्रज की गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में प्राप्त करने की कामना से यमुना तट पर मां कात्यायनी की आराधना की थी। नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से मां की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

खागा में एसडीएम न्यायिक के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन तेज, स्थानांतरण की मांग

अधिवक्ताओं का अनिश्चितकालीन बहिष्कार जारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खागा फतेहपुर। तहसील खागा में एसडीएम न्यायिक के खिलाफ अधिवक्ताओं का विरोध तेज हो गया है। शुक्रवार को मॉडल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन भेजकर एसडीएम न्यायिक के स्थानांतरण की मांग की।

अधिवक्ताओं के अनुसार, 13 अक्टूबर को मॉडल बार एसोसिएशन की बैठक में एसडीएम न्यायिक के न्यायालय की कार्यप्रणाली के विरोध में अनिश्चितकालीन बहिष्कार का निर्णय लिया गया था। वकीलों का आरोप है कि न्यायालय की कार्यप्रणाली को लेकर लंबे समय से असंतोष बना हुआ है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। अधिवक्ताओं ने बताया कि 15 अक्टूबर को जिलाधिकारी के तहसील के औचक निरीक्षण के बाद भी उन्होंने शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। अधिवक्ता हनुमान सिंह को कथित रूप से धमकाने का मामला भी विवाद की वजह बना हुआ है। अधिवक्ताओं का कहना है कि उनकी मांगों पर प्रशासन की



ओर से कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से नाराजगी बनी हुई है। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने विवाद बढ़ने की आशंका जताते हुए एसडीएम न्यायिक के स्थानांतरण और न्यायिक व्यवस्था सुचारु बनाए रखने की मांग की। इस दौरान मॉडल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, महामंत्री मलखान सिंह यादव सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

बहुआ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 975 लोगों ने कराया पंजीकरण

विभाकर शास्त्री एवं विराज शास्त्री की जारी है जनसेवा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के सहयोग से जन कल्याण महासमिति की ओर से नगर पंचायत बहुआ के ग्रीन पार्क में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राहुल अग्निहोत्री और विभाकर शास्त्री ने फीता काटकर किया। शिविर में कुल 975 लोगों ने पंजीकरण कराया और विभिन्न बीमारियों की जांच कराकर चिकित्सीय परामर्श व निःशुल्क दवाएं प्राप्त कीं।

शिविर में शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, आंख और कान सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं। इसके अलावा 121 लोगों की एचआईवी और सिफलिस की जांच हुई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अशोक कुमार गुप्ता की टीम ने 180 लोगों की टीबी संबंधी जांच की, जिनमें 32 संभावित मरीजों



का एक्स–रे कराया गया। आंखों की जांच के दौरान 468 लोगों की जांच की गई, जिनमें 257 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। मोतियाबिंद और आंखों की अन्य गंभीर समस्याओं से पीड़ित मरीजों को जिला चिकित्सालय फतेहपुर रेफर किया गया। मुख्य अतिथि राहुल अग्निहोत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे शिविर जरूरतमंदों को उनके नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्था के सचिव बीपी पाण्डेय ने बताया कि संस्था बुजुर्गों, महिलाओं और जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा वर्मा, कामता सोनी, डॉ. अमित मिश्रा नीटू, सभासद अरुण गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव और डॉ. आदित्य पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कन्या भोज कर नारी सम्मान और संस्कारों का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। मिशन शक्ति के अंतर्गत कड़ा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंथुआ में शुक्रवार को नवरात्रि के उपलक्ष्य में कन्या भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक प्रभाकर मिश्रा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोज कराया गया। इस दौरान उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया और सुख–समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। शिक्षक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि में कन्या पूजन और भोज की परंपरा नारी सम्मान, श्रद्धा और संस्कारों का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों और धार्मिक परंपराओं के प्रति आस्था बढ़ती है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रणविजय निषाद सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने आयोजन में सहभागिता करते हुए कन्याओं के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत विशेष सफाई अभियान का किया गया आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़ । जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़ अभिषेक पाण्डेय आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ राम मोहन मीणा आईएएस व जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ ओमकार राणा पीईएस के आदेशानुसार प्रधानाचार्य राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह व राघवेंद्र शुक्ला के संयोजन में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान(01.10.2026 से 31.10.2026 तक) के अंतर्गत विशेष साफ सफाई अभियान का आयोजन किया गया.राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व पीटीए अध्यक्ष श्री केदार नाथ सिंह, अनिल कुमार,प्रवीण कुमार सिंह, विनोद कुमार,अनुज कुमार व शुभम शुक्ला के संयोजन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत विशेष साफ सफाई अभियान का आयोजन किया गया. इसी प्रकार जेजे इंटर कालेज ढिंगवस प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में, अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में, अबुल कलाम इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में, फतेह बहादुर इंटर कालेज हीरागंज ऐंधा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्राम सभा मौली में महिला और युवाओं सशक्तिकरण की नई पहल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। ग्राम सभा मौली में विकास कार्यों की कड़ी में एक और सराहनीय कदम। ग्राम प्रधानग्राम सभा मौली में विकास कार्यों की कड़ी में एक और सराहनीय कदम। ग्राम प्रधान श्री रंजीत यादव द्वारा महिलाओं और बहनों को आत्मनिर्भर और रोजगार से जोड़ने के लिए अत्याधुनिक सिलाई सेंटर और युवाओं के लिए कंप्यूटर लैब का भी निर्माण करवाया गया है। प्रधान रंजीत यादव ने बताया कि ग्राम सभा की माताओं, बहनों और बेटियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया था कि उन्हें घर बैठे रोजगार काढ साधन मिल सके। सिलाई सेंटर बनने से अब महिलाओं को सिलाई–कढ़ाई सीखने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यहीं पर प्रशिक्षण लेकर वे अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकेंगी। और साथ में हमारे ग्राम सभा की युवा के लिए कंप्यूटर और लैब की व्यवस्था की गई बताया जा रहा है कि सिलाई सेंटर कंप्यूटर लैब का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही इसका भव्य उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन के बाद यहां सिलाई मशीनें और प्रशिक्षक की व्यवस्था भी की जाएगी।

ग्राम सभा में खुशी की लहर

सिलाई सेंटर और कंप्यूटर कच्छ लैब के बनने की खबर मिलते ही ग्राम सभा की माताओं, बहनों और बेटियों और युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। महिलाओं ने प्रधान रंजीत यादव के इस कार्य की जमकर सराहना की है और कहा कि यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

ठेले में टक्कर मारने व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर धमकी के आरोप में कोर्ट के आदेश पर तीन के विरुद्ध मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कड़ा कौशाम्बी । सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के वार्ड नं छः निवासी उर्मिला पत्नी कैलाश सोनकर ने न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी एसटी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र रीतेश कुमार पांच जुलाई को आम का ठेला लगाए हुए था , करीब नौ बजे रात कस्बे का एक युवक तेज रफ्तार वाहन से ठेले में टक्कर मार दिया जिसमे रीतेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद थाना सैनी में रिपोर्ट दर्ज कराया तो विपक्षी सुलह को लेकर आएदिन गाली गलौच कर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे, स्थानीय थाना में सुनवाई न होने पर पीड़िता न्यायालय की शरण में पहुंची, न्यायालय के आदेश पर सैनी पुलिस ने सिराथू कस्बे के रहने वाले बॉबी केसरवानी, धर्मेंद्र केसरवानी व सर्वेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

नवदुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित कथा में अजामिल की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । नगर पंचायत अजुहा के वार्ड नं 12 नया नगर लाई मंडी में नव दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित कथा में कथावाचक कृष्णाहे दामोदर ध्रुव द्वारा 28 नरकों का वर्णन व अजामिल की कथा सुनाई। कथा वाचक ने बताया कि भगवान का नाम लेने से न केवल वर्तमान जन्म के पाप समाप्त होते हैं, बल्कि जन्म–जन्मांतर के सारे पाप भी कट जाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि कन्नौज के दासीपति ब्राह्मण अजामिल पहले बहुत ही शास्त्रज्ञ, शीलवान, सदाचारी और संतुष्ट व्यक्ति था। उसका जीवन पवित्रता और परोपकार से भरा हुआ था। वह ब्राह्मचारी ,विनयी, जितेन्द्रिय, सत्यनिष्ठ और मंत्रवेत्ता भी था। एक दिन जब अजामिल वन से लौट रहा था, तो उसने एक व्यक्ति को वेश्या के साथ अनैतिक कार्य करते हुए देखा। इस दृश्य ने उसका मन विचलित कर दिया और वह धीरे–धीरे उस वेश्या के प्रभाव में फंसता चला गया। अजामिल ने उस वेश्या से मोहवश अपनी पूरी सम्पत्ति, यहां तक कि अपनी पत्नी का भी त्याग कर दिया। अजामिल के दस पुत्रों में सबसे छोटे पुत्र का नाम नारायण था। यही नाम भविष्य में उसकी मुक्ति का कारण बना।

श्री बालाजी पशु बाजार का भव्य शुभारंभ, किसान यूनियन और भाजपा नेताओं ने काटा फीता

मलवां क्षेत्र में पशु बाजार खुलने से किसानों और पशु व्यापारियों को मिलेगी सुविधा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। विकासखंड मलवां क्षेत्र में पशुपालकों और किसानों की सुविधा के लिए श्री बालाजी पशु बाजार का शुभारंभ किया गया। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में बाजार का उद्घाटन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मुन्ना सिंह और संतोष तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटा। बाजार के संचालक पप्पू सिंह चौहान उर्फ फौजी भैया और पप्पू परिहार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजकों ने बताया कि पशु बाजार शुरू होने से क्षेत्र के किसानों और पशु व्यापारियों को खरीद–फरोख्त में सुविधा मिलेगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

गोपीगंज पुलिस ने 10 किलो से ज्यादा गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

स्कूटी की डिग्गी में गैस सिलेंडर में छिपाकर ले जा रहा था, कीमत 5.47 लाख

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर गोपीगंज पुलिस टीम ने शुक्रवार रात चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार राधेश्याम गुप्ता को गिरफ्तार किया। राधेश्याम गुप्ता (59) प्रयागराज के बबुआपुर का रहने वाला है।

तलाशी में उसकी स्कूटी की डिग्गी में रखे गैस सिलेंडर के अंदर सफेद पन्नियों में छिपाकर रखा 10.958 किलोग्राम गांजा मिला। इसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 47 हजार 900 रुपये है। पुलिस ने स्कूटी और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया।

पुलिस के मुताबिक, राधेश्याम सोनभद्र से सस्ते में गांजा खरीदकर ऊंचे दामों पर बेचता था। वह पुलिस से बचने के लिए गांजे को गैस सिलेंडर में छिपाकर ले जा रहा था। आरोपी के खिलाफ पहले से चार मामले दर्ज हैं।

गोपीगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट और एमवी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक सचिदानन्द पाण्डेय, उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद ओझा, का0 नीरज निराला, हे0का0 निखिल कुमार व हे0का0 संदीप पटेल, थाना गोपीगंज, जनपद भदोही।

भदोही पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए अभियान चलाया

कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और पुलिस हेल्पलाइन की जानकारी देकर किया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत भदोही पुलिस महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर यह अभियान चल रहा है।

एंटी रोमियो टीम ने सार्वजनिक जगहों, बाजारों और शिक्षण संस्थानों के पास महिलाओं व बच्चियों से बातचीत की। उन्हें महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। छेड़छाड़, उत्पीड़न व साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। किसी भी समस्या में बिना डरे पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस इमरजेंसी सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) जैसे नंबरों की जानकारी दी गई। जागरूकता पंपलेट भी बांटे गए।

अभियान का मकसद महिलाओं और बच्चियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित माहौल देना, महिला अपराधों को रोकना और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। भदोही पुलिस उनकी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए तैयार है।

काशी में दुर्गोत्सव की धूम, बद्रीनाथ धाम से हवा महल तक सजे भव्य पंडाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। धर्म और आस्था की नगरी काशी में दुर्गा पूजा का उल्लास चरम पर है। शहर में 500 से अधिक आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हैं। नई सड़क स्थित सनातन धर्म इंटर कॉलेज में बद्रीनाथ धाम की तर्ज पर बने पंडाल में मां दुर्गा की 30 फीट ऊंची प्रतिमा भक्तों को आकर्षित कर रही है। शिवपुर मिनी स्टेडियम में हवा महल, नई कॉलोनी में गोल्डन टेंपल और हथुआ मार्केट में अंकोरवाट मंदिर की झलक देखने को मिल रही है। वहीं, चौकाघाट में डिज्नीलैंड, जैतपुरा में ऑपरेशन सिंदूर और सिगरा में हिरण्यकशिपु महल की थीम पर पंडाल सजाए गए हैं।



बंगाली टोला और खालिसपुरा में बंगाली समुदाय पारंपरिक रीति-रिवाजों से दुर्गोत्सव मना रहा है। महिलाओं ने मां दुर्गा और मां सरस्वती की पूजा कर संतानों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भक्ति गीतों, मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से काशी का वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

पलिया में बाल श्रम को लेकर व्यापार मंडल की व्यापारियों से अपील

नाबालिग बच्चों से काम न कराने की दी सलाह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

पलिया कलां (लखीमपुर-खीरी) १६ अक्टूबर पलिया कलां में बाल श्रम को लेकर नगर व्यापार मंडल ने सभी व्यापारियों से नाबालिग बच्चों से काम न कराने की अपील की है। व्यापार मंडल की ओर से जारी आवश्यक सूचना में कहा गया है कि यदि किसी भी प्रतिष्ठान पर नाबालिग बच्चा काम करता पाया जाता है, तो व्यापारी तत्काल इस पर ध्यान दें और बाल श्रम से संबंधित नियमों का पालन सुनिश्चित करें। नगर व्यापार मंडल के अनुसार, पलिया कलां में शुक्रवार को बाल श्रम से संबंधित जांच करने वाली संस्था की टीम पहुंचने की जानकारी मिली है। ऐसे में व्यापार मंडल ने सभी व्यापारियों से सतर्क रहने और अपने प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम न कराने की अपील की है। व्यापार मंडल ने कहा कि बाल श्रम कानून का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। व्यापारियों को चाहिए कि वे किसी भी नाबालिग बच्चे से काम न कराएं और न ही उसे अपने प्रतिष्ठान पर काम पर रखें। नगर व्यापार मंडल, पलिया कलां ने सभी व्यापारी साथियों से इस सूचना को गंभीरता से लेने तथा अन्य व्यापारियों तक भी पहुंचाने का अनुरोध किया है, ताकि बाल श्रम पर रोक लगाने के प्रयासों को मजबूती मिल सके।



सोमनाथ मन्दिर, भैरव गुफा, द्वादश ज्योतिर्लिंग सहित अदलपुरा शीतला माता की झांकी होगी आकर्षण का केंद्र

मीरजापुर (सुनील कुमार गुप्ता)। श्री रामलीला कमेटी बरियाघाट के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता कर मेःए के तैयारियों की जानकारी दी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कमेटी की अध्यक्ष रीतु केशरी ने बताया कि कमेटी की ओर से इस वर्ष पूर्वांचल का प्रसिद्ध विजयादशमी मेला 20 अक्टूबर 2026, दिन मंगलवार को आयोजित होगा। अभी तक उक्त विजयादशमी मेला में आठ से दस लाख दर्शनार्थी आते रहें है। इस बार यह संख्या 10 से 15 लाख की भीड होने की संभावना है। यह मेला धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संगम है। मेला में अपने प्रतिष्ठान के प्रचार-प्रसार हेतु जो माईक से पूरे मेला क्षेत्र में होता है, जिसमें आप आकर्षक झॉकी, स्टाल एवं गेट के माध्यम से प्रायोजक बन सकते हैं। यह बाते गुरुवार, 16 अक्टूबर को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा।

उन्होंने बताया कि इस बार सोमनाथ मन्दिर, भैरव गुफाध माता का दरबार, द्वादश ज्योतिर्लिंग, कुचीपुड़ी नृत्य और अदलपुरा की शीतला माता की अद्वितीय झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। साथ ही नारी शक्ति की झांकी भी देखने योग्य होगा। जहा अहिल्या बाई होलकर सहित मातृशक्तियों की झांकी होगी।

संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अमरेश मिश्र ने कहाकि मेले मे इस बार राष्ट्रभक्ति, धर्मशक्ति, सामाजिक जागृति और भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत झाकियों का अद्वितीय संगम दिखेगा।

महामंत्री संतोस कुमार गुप्ता ने बताया कि झांकियों को देखने के लिए सोनभद्र भदोही प्रयाग सहित मध्य प्रदेश से भी लोग



आते हैं।

कोषाध्यक्ष रवींद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि बल्ली का कार्य, विद्युत का कार्य, साउण्ड का कार्य, शार्पी लाइट का कार्य प्रगति पर है।

पत्रकार वार्ता के उपरांत पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया गया और कमेटी के पदाधिकारियों को भी मेले की जिम्मेदारी सौंपते हुए बैज का वितरण किया गया।

पत्रकार वार्ता मे कमेटी के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अमरेश मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश दूबे, कोषाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार गुप्ता, महामंत्री संतोष कुमार गुप्ता, मेला प्रभारी सत्येंद्र पांडेय ऊर्फ मुन्ना, मीडिया प्रभारी विमलेश अग्रहरि एवं समर चंद्र शर्मा आदि रहे।

गांव की समाधान चौपाल में डीएपी खाद को लेकर भड़के किसान, समितियों पर खाद न मिलने से हंगामा

मीरजापुर । क्षेत्र के गोनौरा एवं सुपंथा ग्रामों में शुक्रवार को पंचायत भवनों में संपन्न हुई गॉव की समस्या – गॉव में समाधान चौपाल में किसानों ने साधन सहकारी समितियों पर डीएपी खाद नहीं मिलने को लेकर किसानों ने हंगामा खड़ा कर दिया। इस दौरान एडीओ कृषि नदारद रहे। एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद पटेल ने बताया कि राशन कार्ड वालों को फेमिली आई डी बनवाने की जरूरत नही है। फेमिली आई डी पंचायत भवन से भी बन सकता है। इसके लिए आधार कार्ड रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने पर फेमिली आई डी बन जाती है। फार्मर रजिस्ट्री खेतिहर किसानों के लिए अनिवार्य है।



किसान सम्मान निधि के साथ ही उर्वरक अथवा बीज के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए प्रेरित किया। आयुष्मान कार्ड के बारे में बताया कि एक साल में पांच लाख का मुफ्त इलाज किया जाता है। अंत्योदय कार्ड के अलावा जिसके राशनकार्ड में छरू यूनिट वालों का बनता है। 70 वर्ष की आयु पूरी करने वालों का भी आयुष्मान कार्ड बनता है। बृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन के बारे में विस्तार से बताया गया। सरकारी बसों अथवा रेल में सफर के दौरान दिव्यांग की पहचान के लिए यूडीआईडी कार्ड भी मान्य है। उन्होंने कहा कि दीपावली के पहले बकाया पेंशन बैंक खाते में आ जाएगा। सेक्रेटरी दिनेश कुमार ने जन समस्याओं को समाधान के लिए सूचीबद्ध किया। ग्राम प्रशासक रजनी सिंह ने चौपाल की अध्यक्षता की। चौपाल के दौरान एडीओ कृषि की गैर मौजूदगी को लेकर किसानों का आक्रोश चरम पर रहा। सेक्रेटरी दिनेश कुमार ने बताया कि पंचायत भवन में आय अथवा जाति प्रमाणपत्र तथा मृत्यु प्रमाणपत्र सहज तरीके से बन जाता है। ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में भी विस्तार से बताया। कुल 120 पात्र जनो का आवास की सूची में नाम शामिल है।

दिनांक 01 नवम्बर, 2026 बीद्वएचद्वयूद्व साउथ कैम्पस, बरकछा, मीरजापुर में बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

मीरजापुर (सुनील कुमार गुप्ता)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश ध अध्यक्ष, श्री अनुपम कुमार के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मिर्जापुर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बृहद मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

इस मेगा कैम्प का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना, पात्र व्यक्तियों की पहचान करना तथा उन्हें संबंधित विभागों के माध्यम से योजनाओं से आच्छादित कराना है। कैम्प के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ आवश्यक दस्तावेजों, पंजीकरण, ई-केवाईसी एवं आवेदन संबंधी प्रक्रियाओं में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव, दस्तावेजों की कमी अथवा प्रक्रियागत कठिनाइयों के कारण सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वय से पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाएगी, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर शासन की योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त कर सकें।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मिर्जापुर आनन्द कुमार ।। की अपील है कि आमजन



मेगा कैम्प में पहुँचकर संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ उठाएँ।

भारत-नेपाल सीमा पर आलू बीज की कथित तस्करी का मामला गरमाया

खाने वाले आलू की आड़ में बीज भेजने का आरोप

डॉ०रईस अहमद उस्मानी
प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर-खीरी 16 अक्टूबर। गौरीफंटा में कस्टम्स की सख्ती के बाद बदला रास्ता? रुपईडीहा बॉर्डर पर आलू की खेप को लेकर उठे सवाल, असिस्टेंट कमिश्नर ने जांच कराने की कही बात

इंडो-नेपाल बॉर्डर। भारत-नेपाल सीमा पर आलू बीज की कथित तस्करी को लेकर एक नया मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, गौरीफंटा बॉर्डर पर कस्टम्स विभाग की सख्ती के बाद अब आलू की खेप रुपईडीहा बॉर्डर के रास्ते नेपाल भेजे जाने की चर्चाएं हैं। आरोप है कि खाने वाले आलू के नाम पर आलू बीज की खेप भेजने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

खाने वाले आलू की आड़ में बीज भेजने का आरोप

सूत्रों का दावा है कि आसपास की मंडियों और कोल्ड स्टोरेज से आलू की खेप रुपईडीहा बॉर्डर की ओर भेजी जा रही है। यह भी दावा किया जा रहा है कि आलू बीज से लदे सैकड़ों ट्रक सीमा पर पहुंचकर कस्टम्स की अनुमति मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यदि इन दावों में सच्चाई है, तो यह जांच का महत्वपूर्ण विषय हो सकता है कि ट्रकों में वास्तव में किस प्रकार का आलू लदा है और उसके निर्यात से संबंधित नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

असिस्टेंट कमिश्नर तक पहुंचा मामला, जांच का आश्वासन

इस मामले की जानकारी कस्टम्स विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर तक पहुंचने की बात कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने मामले को दिखवाने और जांच कराने की बात कही है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभाग रुपईडीहा बॉर्डर पर आलू से लदे ट्रकों की जांच करता है या नहीं और जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं।



कस्टम्स विभाग की कार्रवाई पर टिकी निगाहें

गौरीफंटा बॉर्डर पर कथित सख्ती के बाद रुपईडीहा के रास्ते आलू की खेप भेजे जाने के दावों ने सीमा पर निगरानी और निर्यात प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े किए हैं। हालांकि, ट्रकों की वास्तविक संख्या, उनमें लदे आलू की किस्म और किसी नियम के उल्लंघन की अभी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

यदि जांच में निर्यात नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित खेप और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हो सकती है।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या कस्टम्स विभाग रुपईडीहा बॉर्डर पर पहुंच रहे आलू से लदे ट्रकों की सघन जांच कराएगा? क्या खाने वाले आलू की आड़ में बीज भेजे जाने के आरोपों की सच्चाई सामने आएगी? इन सवालों के जवाब अब विभागीय जांच और आधिकारिक कार्रवाई से ही मिल सकेंगे।

विंध्याचल में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का विधायक रत्नाकर मिश्रा ने किया उद्घाटन

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेयध्अभय त्रिपाठी)। नवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विंध्याचल धाम, मीरजापुर स्थित बस स्टैंड परिसर में दिनांक 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2026 तक खादी एवं ग्रामोद्योग लघु प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक सदर रत्नाकर मिश्रा द्वारा किया गया।

प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से वित्तपोषित इकाइयों एवं उद्यमियों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पादों की बिक्री की जा रही है। इसमें नेचुरल इंडिया के उत्पाद, साबुन, अगरबत्ती, बॉस से बने विभिन्न प्रकार के उत्पाद, अचार, मुरब्बा, खादी के शर्ट, खादी वस्त्रों से बने विभिन्न डिजाइन के परिधान एवं अन्य आकर्षक उत्पाद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कंबल कारखाने में निर्मित कंबलों की भी बिक्री की जा रही है।



प्रदर्शनी में खादी एवं ग्रामोद्योग के विभिन्न उत्पादों पर विशेष छूट प्रदान की जा रही है, जिससे श्रद्धालु एवं आमजन गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं।

उद्घाटन अवसर पर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित करने से स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों एवं उद्यमियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना, उद्यमियों की बिक्री बढ़ाना तथा आमजन को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम में महेश कुमार, श्पवन कुमार, दीपचंद, बृजेश, प्रतिभा, मंजू सहित विभागीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अपील की गई कि नवरात्रि के अवसर पर विंध्याचल धाम आने वाले श्रद्धालु बस स्टैंड परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करें और श्स्वदेशी अपनाएं, लोकल फॉर वोकलश अभियान को मजबूती प्रदान करें।

20 अक्टूबर को होगा भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम

मीरजापुर । श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, मिर्जापुर की ओर से आगामी 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार को प्रातः 10 बजे से बसंत बहार मैरिज लॉन, मिर्जापुर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं, शौर्य, स्वाभिमान और सामाजिक एकता के भाव को प्रोत्साहित करना है। आयोजकों ने जनपद के समस्त नागरिकों, क्षत्रिय बंधुओं एवं समाज के गणमान्य लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक मूल्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। सभी से आग्रह किया गया है कि आपसी भाईचारे, अनुशासन और सौहार्द के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करें।



हैप्पी मॉडल स्कूल में गरबा-डांडिया की धूम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। कुरहुआँ स्थित हैप्पी मॉडल स्कूल में शुक्रवार को दुर्गापूजा के अवसर पर 'उमंग सांस्कृतिक उत्सव एवं डांडिया-गरबा नाइट्स 2026' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां आनंदमयी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और देवी सूक्तम की प्रस्तुति से हुआ। विद्यार्थियों ने धानुची नृत्य और गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उत्सव में लगभग दो हजार अभिभावकों और अतिथियों ने सहभागिता की। विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे।विद्यालय की निदेशिका नीता सिंह ने दुर्गापूजा एवं विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य प्रवीश कुमार सिंह ने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। उन्होंने अहंकार त्यागकर प्रेम, शांति और धैर्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन नव्या सिंह और परिणीति सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद रहे।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

डर के माहौल से खेल के मैदान तक, सीएम योगी ने बताया साढ़े 9 साल में कैसे बदला यूपी

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में बदलाव की नई गाथा लिखी गई है। प्रदेश में भय की जगह सुरक्षा, उपेक्षा की जगह प्रोत्साहन और खेल संसाधनों की कमी की जगह सुविधाओं के विस्तार ने ली है। उन्होंने कहा कि गांवों के खेल मैदानों से लेकर अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों तक प्रदेश की बेटियां अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। शारदीय नवरात्र के छठे दिन मुख्यमंत्री ने मां कात्यायनी को नारीशक्ति के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और अजेय पराक्रम का प्रतीक बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मां कात्यायनी समस्त बाधाओं और आसुरी प्रवृत्तियों का संहार करने वाली हैं। उनका स्वरूप नारीशक्ति के साहस और दृढ़ संकल्प का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में भय और अराजकता का माहौल था। बेटियों के सपनों पर पहरे थे, उनके हौसलों पर बंदिशें थीं और अवसरों की कमी के कारण उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ने का पर्याप्त मौका नहीं मिल पाता था। उनके मुताबिक, उस समय खेल के मैदानों पर माफिया का कब्जा था और खिलाड़ियों के लिए जरूरी संसाधनों का अभाव था।



योगी ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश की तस्वीर बदली है। सुरक्षा के बेहतर माहौल और खेल सुविधाओं के विस्तार से बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल सुविधाओं का विस्तार गांवों से लेकर उच्च स्तरीय संस्थानों तक किया गया है। गांवों के खेल मैदान, ब्लॉक स्तर के मिनी स्टेडियम, जिला स्तरीय स्टेडियम और मंडल स्तरीय स्पोर्ट्स कॉलेज खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर दे रहे हैं। उन्होंने मेरठ में स्थापित मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री के अनुसार, इन सुविधाओं से बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खुद को तैयार करने का सशक्त आधार मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि ओलंपिक, कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को लाखों–करोड़ों रुपये के पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही पदक लाओ, पद पाओ योजना के तहत खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से सरकारी नौकरी देने जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन, उनकी उपलब्धियों को सम्मान और उनके भविष्य को सुरक्षा मिल रही है। खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने से अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को मिल रहे प्रोत्साहन का असर अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों का उल्लेख किया। एथलेटिक्स में पारुल चौधरी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी और अन्नू रानी ने अपनी उपलब्धियों से पहचान बनाई है। वहीं, जूडो में अस्मिता डे, क्रिकेट में दीप्ति शर्मा और मेघना सिंह, हॉकी में वंदना कटारिया तथा कुश्ती में दिव्या काकरान ने कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने इन उपलब्धियों को प्रदेश में बदलते खेल परिवेश और महिला खिलाड़ियों को मिल रहे अवसरों से जोड़ते हुए कहा कि बेटियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार महत्वपूर्ण है।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर आजाद समाज पार्टी का प्रदर्शन

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में शुक्रवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। हुसैनगंज स्थित पीएफसी बिल्डिंग पर कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का–मुक्की और नोकझोंक हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। प्रदेश सचिव अनिकेत धानुक ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि 35 करोड़ से ज्यादा वोटों की चोरी कर अलग–अलग राज्यों और



केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाने में मदद की गई। अनिकेत धानुक ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और उनके इशारे पर पूरा चुनाव आयोग भाजपा के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। प्रदर्शनकारी अनिकेत ने कहा कि चुनाव आयोग मर चुका है, भाजपा का पिट्ठू बन चुका है लगातार बेमानी करवा रहा है। इन लोगों ने पहले बिहार और पश्चिम बंगाल लूटा अब उत्तर प्रदेश को लूटने की तैयारी कर रहे हैं। ज्ञानेश कुमार को हटाए बिना यूपी में चुनाव नहीं होगा इन्होंने लोकतंत्र को बेहद कमजोर करने का काम किया है। प्रदर्शन कर रहे अमन कुमार धानुक ने कहा ज्ञानेश कुमार ने हमसे वोट का अधिकार छीना है इसलिए हम उनका इस्तीफा लेने आए हैं। जब तक इस्तीफा नहीं हो जाएगा हम लोग रुकने वाले नहीं हैं। जैसे राजा राजा की जान तोते में होती है वैसे ही मोदी की जान ज्ञानु में है। आज हम लोग यहां प्रदर्शन कर रहे हैं । अगर जरूरत पड़ी तो दिल्ली भी जाएंगे हमारे नेता चंद्रशेखर आजाद लगातार वोट चोरी को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

अखिलेश यादव का राजनाथ सिंह पर तंज, बोले–

लखनऊ एक्सप्रेस का इंजन फेल, अब कमान किसी और को सौंपने की तैयारी

लखनऊ,संवाददाता। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर तंज कसा है। उन्होंने लखनऊ एक्सप्रेस के इंजन के फेल होने का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली के इंजन ने लखनऊ की कमान किसी और को सौंपने का अंदरूनी फैसला कर लिया है। अखिलेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को दिखावटी बताते हुए आरोप लगाया कि असली खेल लखनऊ के इंजन को खटारा साबित कर स्थायी रूप से हटाने का है। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर यह टिप्पणी की। उनके इस तंज को लेकर उत्तर प्रदेश की सियासत में चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में किसी नेता का नाम नहीं लिया और न ही यह स्पष्ट किया कि उनका इशारा किस घटनाक्रम की ओर है। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा,



सुना है सत्ताधारियों की तरफ से कोई बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस हो रही है। लगता है लखनऊ एक्सप्रेस का इंजन फेल हो गया है, तभी दिल्ली के इंजन ने लखनऊ की कमान किसी और को थमाने का अंदरूनी फैसला कर लिया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस तो केवल दिखावा है। असली खेल लखनऊ के इंजन को खटारा साबित करके उसे स्थायी रूप से हटाने का है। अखिलेश ने सवाल उठाया, अब लखनऊ वालों की रक्षा कौन करेगा? सपा अध्यक्ष की इस टिप्पणी को प्रदेश की राजनीति में नेतृत्व और सत्ता के समीकरणों को लेकर किए गए तंज के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, उन्होंने अपने बयान में किसी संभावित बदलाव को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष और इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का उद्देश्य चुनावी सुधार करना नहीं, बल्कि देश में अराजकता फैलाकर सत्ता हासिल करना है। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि युवाओं को अराजकता का मोहरा बनाया जा रहा है। उनके मुताबिक, कुछ लोग बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन की कोशिश करना चाहते हैं। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी युवाओं को राजनीतिक टकराव का माध्यम बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बांग्लादेश के घटनाक्रम से प्रेरणा लेकर भारत में सत्ता परिवर्तन की बात कर रहे हैं, जबकि कुछ खुले तौर पर सरकार गिराने की मांग कर रहे हैं। राजनाथ सिंह के मुताबिक, यह लड़ाई न तो चुनावी सुधार के लिए है और न ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े किसी मुद्दे तक सीमित है। उन्होंने इसे सत्ता हासिल करने की कोशिश करार दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का भविष्य टकराव में नहीं, बल्कि संवाद और राष्ट्र निर्माण में है। एक ओर राजनाथ सिंह ने विपक्ष की रणनीति पर सवाल उठाए, तो दूसरी ओर अखिलेश यादव ने सत्ता पक्ष की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर तंज कसते हुए राजनीतिक बहस को नया मोड़ दे दिया।

नवरात्र से खुलेगा महिलाओं, कलाकारों की प्रतिभा व रोजगार का रास्ता–जयवीर

लखनऊ,संवाददाता। प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों में शक्ति आराधना के साथ आज से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश गूंजेगा। मिशन शक्ति के तहत योगी सरकार शारदीय नवरात्र की सप्तमी से नवमी तिथि शनिवार से सोमवार तक चयनित मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराएगी। इनमें पारंपरिक देवी गीतों पर आधारित गायन और दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी और नवमी पर होने वाले कार्यक्रमों में देवी गीतों की पारंपरिक गायन शैली को प्रमुखता दी जाएगी। इसके साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ भी होगा। इन आयोजनों के जरिए शक्ति आराधना की परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

योगी सरकार नवंबर में लाएगी नई आयुष पॉलिसी

नई आयुष पॉलिसी–26 का ड्राफ्ट तैयार, पीपीपी मोड से आयुष इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी मजबूती

लखनऊ,संवाददाता। योगी सरकार देश के आयुष सेक्टर में अपनी धाक जमाने के लिए नवंबर माह में होने वाली कैबिनटे में नई आयुष पॉलिसी–26 पर मुहर लगाने जा रही है। प्रदेश में आयुष उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पॉलिसी में निवेशकों को विभिन्न तरह की सहूलियतें दी जाएंगी। पॉलिसी में आयुष रिसर्च को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है ताकि प्रदेश को आयुष रिसर्च का हब बनाया जाए। पॉलिसी का उद्देश्य प्रदेश में आयुष दवाओं की जांच और भर्ती के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है। नई आयुष पॉलिसी–26 के तहत प्रदेश में आयुष अस्पतालों में मरीजों के इलाज की व्यवस्था को और भी बेहतर बनाया जाएगा।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0 : पीआरवाईजे-सिग-046-2026-27 दिनांक : 14.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **06.11.2026** को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र.सं.: 1	निविदा नं. : पीआरवाईजे-सिग-046-2026-27	अनुमानित मूल्य (₹) : 1,11,50,542/-

कार्य का विवरण : प्रयागराज स्टेशन, संगम क्षेत्र, सूबेदारगंज, नैनी और प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर माघ मेला से संबंधित एसएंडटी मदों का प्रावधान।

बिड सिक्योरीटी (₹) : 2,23,000/-	निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) : 0/-
कार्य समापन की अवधि : 03 माह	निविदा बन्द होने की तिथि : 06.11.2026

2. **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगें।

3. **निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 12:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। 2353/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

कार्यालय ग्राम पंचायत बेनीपुर, वि.खं.कौंधियारा, प्रयागराज

पत्रांक : मेमो/2026-2027 दिनांकः 16-10-2026

ग्राम पंचायत-बेनीपुर,विकास खण्ड-कौंधियारा में बीवीजी रामजी/राज्यवित/केन्द्रीय वित्त की धनराशि से प्रस्तावित कार्यों हेतु प्रयुक्त सभी सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म से दिनांक 17-10-2026 से 31-10-2026 तक सीलबन्द निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जानी हैं। जो कि दिनांक 02-11-2026 को पूर्वाहन 11 बजे तक उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा एकीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार होगा।

कार्य का विवरण निम्नवत है?

क्र. सं.	परियोजना का नाम	अनुमानित लागत	कार्यावाहि
1	2	3	4
1	देवकली के घर से राकेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	9.00 लाख	6 माह
2	शिव बहादुर के घर से इन्द्रभूषण के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	9.00 लाख	6 माह
3	पक्की सड़क से नरेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	2.00 लाख	6 माह

भगवती प्रसाद
(प्रशासक)
ग्राम पंचायत बेनीपुर विकास
खण्ड कौंधियारा प्रयागराज

मनोज कुमार
(ग्राम विकास अधिकारी)
ग्राम पंचायत बेनीपुर
विकास खण्ड कौंधियारा प्रयागराज

संक्षिप्त

फैजुल्लागंज बाढ़ का प्रभारी मंत्री व महापौर ने किया निरीक्षण

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के फैजुल्लागंज इलाके में गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से गंभीर जलभराव की स्थिति बन गई है। इस आपदा से क्षेत्र के लगभग 6,500 घर और 50 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। स्थिति का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शुक्रवार को फैजुल्लागंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम के कंट्रोल रूम पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। मंत्री सुरेश खन्ना ने महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार और निगम की टीम द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यों की प्रशंसा की। प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल के लिए नियमित रूप से टैंकर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों को दूषित पानी से बचने के लिए फिलहाल समर्सिबल पंप का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि निगम के सभी उपलब्ध जल टैंकर और मोबाइल टॉयलेट तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किए जाएं। अधिकारियों का अनुमान है कि पानी पूरी तरह उतरने में लगभग एक हफ्ता लगेगा। इसके बाद भी संक्रमण के खतरे को रोकने के लिए अगले 10 से 12 दिनों तक युद्धस्तर पर सफाई, फॉगिंग और सैनिटाइजेशन अभियान चलाया जाएगा। भविष्य में ऐसी समस्याओं से स्थायी रूप से निपटने के लिए नदी के किनारे बंधा बनाने और कॉलोनियों के नियमितीकरण को लेकर ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन और प्रशासन का कहना है कि स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक राहत और पुनर्वास के कार्य निरंतर जारी रहेंगे, ताकि हर जरूरतमंद परिवार तक समय पर सहायता पहुंचाई जा सके।

ऑक्सीजन सिलेंडर लदी पिकअप डिवाइडर से टकराई,ड्राइवर समेत दो घायल

लखनऊ,संवाददाता। मोहनलालगंज में शुक्रवार शाम ऑक्सीजन सिलेंडरों से लदी एक पिकअप डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक समेत दो लोग केबिन में फंस गए। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप में लदे ऑक्सीजन सिलेंडर सड़क पर बिखर गए। सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। हादसा निगोहां क्षेत्र में शेखपुरा टोल प्लाजा के पास हुआ। फिलहाल घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने सड़क पर बिखरे सिलेंडरों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया। शुक्रवार शाम करीब 4.30 बजे निगोहां पुलिस को सूचना मिली कि शेखपुरा टोल प्लाजा के पास ऑक्सीजन सिलेंडरों से लदी पिकअप डिवाइडर से टकरा गई है। सूचना मिलते ही निगोहां थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टक्कर के कारण पिकअप का अगला हिस्सा दब गया था। इससे चालक समेत दो लोग केबिन में फंस गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला और इलाज के लिए मोहनलालगंज सीएचसी भेजा। हादसे के दौरान पिकअप में लदे ऑक्सीजन सिलेंडर सड़क पर बिखर गए थे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने सिलेंडरों को एकत्र कर सुरक्षित स्थान पर रखवाया। इसके बाद सड़क से बाधा हटाकर यातायात सामान्य कराया गया। घायलों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बेकाबू ट्रक मकान में घुसा,स्टीयरिंग में फंसा चालक

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी के खुदई बाजार में शुक्रवार सुबह एक ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे एक मकान में घुस गया। हादसे के बाद चालक ट्रक के स्टीयरिंग में फंस गया। सूचना मिलने पर दमकल टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने खास औजारों की मदद से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। उसे तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। फायर विभाग के मुताबिक, सुबह 5.03 बजे पीजीआई फायर स्टेशन को हादसे की जानकारी मिली थी। बताया गया कि सुल्तानपुर रोड स्थित खुदई बाजार में ट्रक का हादसा हुआ है और चालक अंदर फंसा है। पीजीआई और हजरतगंज फायर स्टेशन से टीमें मौके पर भेजी गईं। घायल चालक की पहचान रोहित (राजकुमार का बेटा, गंगागंज, लखनऊ निवासी) के तौर पर हुई है। ट्रक का नंबर यूपी32 जेएन 3841 है। यह ट्रक कानपुर से बाराबंकी जा रहा था। हादसे में किसी की जान नहीं गई।

मोहनलालगंज क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिले दो शव

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के मोहनलालगंज क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दो अलग–अलग रेलवे ट्रैक पर शव मिलने से सनसनी फैल गई। मानखेड़ा के पास रेलवे ट्रैक पर 35 वर्षीय महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला, जबकि निगोहां रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन गुजरने के बाद एक अज्ञात युवक का शव क्षत–विक्षत हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस और जीआरपी दोनों मामलों की जांच में जुटी हैं। पहली घटना मानखेड़ा के पास की है। शुक्रवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। बाद में महिला के पिता रामसनेही ने शव की पहचान अपनी बेटी वंदना के रूप में की। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह के मुताबिक, मानखेड़ा निवासी वंदना बृहस्पतिवार रात बिना बताए घर से चली गई थी। वह मानसिक रूप से कमजोर थी और अक्सर घर से निकल जाती थी। पुलिस को आशंका है कि वंदना ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। हालांकि, मौत की वजह की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगी। वंदना की शादी वर्ष 2010 में बेनीगंज गांव के एक किसान से हुई थी। वर्ष 2012 में पति से अलगाव होने के बाद से वह मायके में रह रही थी। दूसरी घटना निगोहां रेलवे स्टेशन की है। शुक्रवार सुबह आदित्यपुर से लखनऊ जा रही 04217 स्पेशल ट्रेन के गुजरने के बाद रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला। युवक का सिर धड़ से अलग था। शव की हालत देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया,लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है।

त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त

शोहरतगढ़ व बढ़नी में डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च, भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर ब्यूरोः शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा और आगामी मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपनन कराने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शोहरतगढ़ कस्बा तथा ढेबरुआ थाना क्षेत्र के सीमावर्ती कस्बे बढ़नी में भारी पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च और पैदल गश्त की। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के काफिले ने दोनों कस्बों के मुख्य मार्गों, प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों और दुर्गा पूजा पंडालों का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों की जमीनी हकीकत परखी। भारत-नेपाल सीमा से



सटे बढ़नी कस्बे में गश्त के दौरान अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा से जुड़े विभिनन बिंदुओं की समीक्षा की और सीमांत क्षेत्र में गश्त व सघन चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ की गई और नागरिकों से त्योहार को शांति व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकमिन्यों को सख्त हिदायत दी कि भीड़भाड़ वाले इलाकों व पंडालों के आसपास सादी वर्दी में भी पुलिस बल सक्रिय रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि माहौल बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ रवीश गुप्ता, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

'वीर गाथा एवं सैनिक सम्मान' समारोहः पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं का हुआ भव्य सम्मान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के तत्वावधान में 'वीर गाथा एवं सैनिक सम्मान' समारोह का भव्य आयोजन किया गया। देशभक्ति और भावुकता से सराबोर इस गरिमामयी माहौल में जब देश के वीर सपूतों और वीर नारियों को सम्मानित किया गया, तो उनके चेहरे गर्व से खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बांसी विधायक जय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य तथा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का कुशल संयोजन एवं समन्वय जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन नरेश शर्मा ने किया। समारोह के दौरान अतिथियों ने द्वितीय विश्व युद्ध की वयोवृद्ध विधवाओं तथा जनपद के 80 वर्ष से अधिक आयु के



बुजुर्ग पूर्व सैनिकों को माल्यार्पण कर, शॉल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जय प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों और उनके परिवारों का सम्मान करना पूरे समाज का परम कर्तव्य है। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर श्री रघुबर प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत और राष्ट्रगीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं व्यवस्था व अनुशासन को सुदृढ़ करने में सिद्धेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व एनसीसी कैडेटों ने सक्रिय सहयोग दिया। अंत में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन नरेश शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, एनसीसी कैडेटों और पूर्व सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कुशीनगरः कुश्ती की तीन बेटियां अ-ण्अ से मिलने जिला मुख्यालय पहुंचीं



प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली कुश्ती की तीन बेटियां बुधवार को जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से मिलने की आस में जिला मुख्यालय पहुंचीं।नगर पंचायत मथउली के वार्ड नं. 11 सुभाष नगर की रहने वाली एक ही परिवार की तीनों बहनें दिल्ली में रहकर ओलंपिक की तैयारी कर रही हैं। परिवार की सबसे बड़ी बेटी आँचल चार बार नेशनल कुश्ती खेल चुकी हैं और उन्होंने जिले का मान बढ़ाया है। तीनों बहनें जल्द ही फिर से नेशनल कुश्ती में हिस्सा लेंगी।आँचल ने बताया कि उनसे बड़ी बहन अंगिरा भी सीनियर स्टेट लेवल पर कुश्ती में बाजी मार चुकी हैं। गांव से निकलकर चारों बहनों ने अपने जीवन में काफी संघर्ष किया है। अब तीनों बहनें दिल्ली में रहकर ओलंपिक के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं।बेटियों ने प्रशासन से खेल के लिए सहयोग और सुविधा की मांग की है, ताकि वे देश और जिले का नाम और ऊंचा कर सकें।

ग्राम चौपालः औदही कला में डीएम ने सुनीं समस्याएं,कहा पात्रों को योजनाओं के लाभ से वंचित करने पर होगी सख्त कार्रवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर ब्यूरोः ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित व मौके पर निस्तारण के उद्देश्य से विकास खंड बढ़नी की ग्राम पंचायत औदही कला में 'ग्राम चौपाल–गांव की समस्या, गांव में समाधान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन व मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी गई। चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से रूबरू होकर विभिनन जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धता व क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए; इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीएम ने निर्देश दिए कि छूटे हुए सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाएं, ताकि उन्हें पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल सके। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्षतिपूर्ति का भुगतान सुनिश्चित करने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जुड़ी दिक्कतों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी किसानों से 'फार्मर रजिस्ट्री' कराने का आह्वान किया, ताकि भविष्य में कृषि योजनाओं का सुगम लाभ मिल सके। पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वृद्धा, विधवा अथवा दिव्यांग पेंशन से जुड़े मामलों का मौके पर ही सत्यापन कर निस्तारण किया जाए। उन्होंने राशन वितरण में पूरी पारदर्शिता बरतने, वरासत के मामलों को समयबद्ध ढंग से निपटाने और भूमि विवाद व पैमाइश संबंधी प्रार्थना पत्रों पर त्वरित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जन्म, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर जारी करने पर जोर दिया गया। महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल देते हुए डीएम ने उन्हें स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों का नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर तत्काल अपना नाम जुड़वाएं। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की विधिवत गोदभराई की रस्म भी संपनन कराई। कार्यक्रम में विभिनन विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर समस्याओं का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार दोहरे, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ रवीश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, खंड विकास अधिकारी बढ़नी अनिशमणि पाण्डेय, स्थानीय ग्राम प्रधान तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

नवरात्रि/दशहरा पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान, 20 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित



प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर -: आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा जिलाधिकारी महोदय के आदेश के अनुपालन में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद कुशीनगर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-छ के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2026 तक विभिनन बाजारों एवं प्रतिष्ठानों में निरीक्षण कर कुल 20 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।

अभियान के दौरान विभिनन स्थानों से साबूदाना, मूंगफली दाना, देशी घी, सिंघाड़ा आटा, बूंदी के लड्डू, बाकला दाल, पेड़ा, काजू, खोया, किशमिश, पनीर, मिश्रित दूध, बेसन, कुट्टू आटा, मिठाई, छेने की मिठाई एवं रसगुल्ला सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। यह कार्रवाई शिवपुर बाजार, रगड़गंज, लक्ष्मीगंज, हाटा-कप्तानगंज रोड, मथौली, नौरंगिया तिराहा, तुर्कपट्टी, महुआ बुजुर्ग, बुलहवा बाजार, छितौनी, देवरिया बाबू रोड, लालाछपरा, हरदी छपरा, छावनी पडरौना, जानकी नगर पडरौना, शिवराम पैलेस के पीछे पडरौना, देवपोखर, कप्तानगंज चौराहा, हाटा एवं तिलक नगर पडरौना सहित विभिनन स्थानों पर की गई।


संग्रहित सभी 20 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यदि किसी खाद्य पदार्थ में मिलावट अथवा निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राम बुझावन चौहान, श्री कन्हैया लाल वर्मा, श्री विजय कुमार यादव, श्री धर्मराज शुक्ल एवं सुश्री रंजनी मौर्या सहित विभागीय टीम के अन्य सदस्य सम्मिलित रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध यह विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा। आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रहा है।

पारिवारिक प्रकरणों के अभिभावकों को मिशन शक्ति केंद्र पचपेड़वा द्वारा सम्मानित कर लिया गया फीडबैक

कमाल खान/
प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। दिनांक 16/10/2026 को मिशन शक्ति के छठे चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह जनपद बलरामपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी,



अभय प्रभात मल्ल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर के नेतृत्व में, मिशन शक्ति टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्रेश यादव, कांस्टेबल अरुण कुमार प्रजापति, कांस्टेबल अंशु कुशवाहा, महिला आरक्षी पारूल चौधरी एवं महिला आरक्षी सुजाता के द्वारा निस्तारित पारिवारिक प्रकरणों के अभिभावको/परिवारजनों को मिशन शक्ति केंद्र थाना पचपेड़वा पर बुलाकर सम्मानित किया गया व फीडबैक लिया गया।

गौशालाओं में हरा चारा, भूसा व पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें: डीएम शिवशरणप्पा जीएन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर ब्यूरोः कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को निराश्रित गौवंश व गौ आश्रय स्थलों के प्रभावी प्रबंधन को लेकर जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने की, जबकि मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने जिले में संचालित सभी गौ आश्रय स्थलों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण करें और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लें। डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि आश्रय स्थलों पर संरक्षित सभी गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा तथा स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति बनी रहनी चाहिए। व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने गौवंश को मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त (मनरेगा) संदीप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गनेश प्रसाद सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

पूर्व में स्वीकृत 24 क्रय केंद्रों के अतिरिक्त 13 नए धान क्रय केंद्रों को जिलाधिकारी ने दी मंजूरी

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर।खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जनपद बलरामपुर में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत किसानों से सीधे धान खरीद की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा महत्वपूर्ण निणय लिया गया है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अधिक दूरी तय न करनी पड़े तथा उन्हें निकटतम क्रय केंद्र पर धान विक्रय की सुविधा उपलब्ध हो, इसके दृष्टिगत जनपद में पूर्व में स्वीकृत 24 धान क्रय केंद्रों के अतिरिक्त 13 नए धान क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार जनपद में अब कुल ड-ड37 धान क्रय केंद्र स्वीकृत किए जा चुके है।

जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना तथा धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम एवं व्यवस्थित बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों बलरामपुर सदर, तुलसीपुर एवं उतरौला में किसानों की सुविधा तथा स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए धान क्रय केंद्रों की व्यवस्था की गई है।

पूर्व में 24 धान क्रय केंद्रों को दी गई थी स्वीकृति

जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत पूर्व में जनपद में कुल 24 धान क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई थी। इनमें खाद्य विभाग के 10, पीसीएफ के 05, यूपीएसएस के 08 तथा भारतीय खाद्य निगम का 01 क्रय केंद्र सम्मिलित है।

इन केंद्रों के माध्यम से बलरामपुर सदर, तुलसीपुर एवं उतरौला तहसील के विभिनन क्षेत्रों में किसानों से सीधे धान खरीद की व्यवस्था की गई है।

किसानों की सुविधा के लिए 13 अतिरिक्त धान क्रय केंद्र स्वीकृत

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के माध्यम से 13 अतिरिक्त धान क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें खाद्य विभाग के 03, पीसीएफ के 05 तथा यूपीएसएस के 05 क्रय केंद्र सम्मिलित है।

अतिरिक्त स्वीकृत क्रय केंद्रों में तहसील बलरामपुर सदर के अंतर्गत बलरामपुर मंडी द्वितीय, बी-पैक्स रामनगर एवं बलुई बलुहा, बी-पैक्स लिलवा, बी-पैक्स सरकहवा एवं खैरहनिया तथा बी-पैक्स गुगौली शामिल हैं।

इसी प्रकार तहसील तुलसीपुर के अंतर्गत बी-पैक्स प्रेम नगर, तुलसीपुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति, बी-पैक्स बेलखरी, बी-पैक्स जमुनीखुर्द एवं राजपुर बकौली, जैतापुर द्वितीय, पचपेड़वा मंडी द्वितीय तथा बी-पैक्स पचपेड़वा एवं शंकरपुरकला में धान क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है।तहसील उतरौला के अंतर्गत बी-पैक्स हुसैनाबाद में भी अतिरिक्त धान क्रय केंद्र स्वीकृत किया गया है।इन अतिरिक्त केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को धान विक्रय के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में खरीद की सुविधा का विस्तार होगा।कुल 37 क्रय केंद्रों के माध्यम से होगी धान खरीद

पूर्व में स्वीकृत 24 एवं नवीन स्वीकृत 13 धान क्रय केंद्रों को मिलाकर जनपद में कुल 37 धान क्रय केंद्र स्वीकृत हो गए हैं।

क्रय संस्था के अनुसार खाद्य विभाग के कुल 13, पीसीएफ के 10, यूपीएसएस के 13 तथा भारतीय खाद्य निगम का 01 धान क्रय केंद्र स्वीकृत है।जिलाधिकारी ने संबंधित क्रय संस्थाओं के जिला प्रभारियों को निर्देशित किया है कि सभी स्वीकृत क्रय केंद्रों को निर्धारित स्थलों पर स्थापित करते हुए धान खरीद के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। केंद्रों पर किसानों की सुविधा, धान की तौल, सुरक्षित भंडारण एवं अभिलेखों के समुचित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि धान खरीद शासन द्वारा निर्धारित क्रय नीति एवं मानकों के अनुरूप की जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

धान खरीद की निगरानी के लिए तीनों तहसीलों में नोडल अधिकारी नामित

धान खरीद व्यवस्था के प्रभावी पर्यवेक्षण एवं क्रय केंद्रों पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा तहसीलवार नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं।तहसील बलरामपुर सदर के लिए उप जिलाधिकारी बलरामपुर सदर, तहसील तुलसीपुर के लिए उप जिलाधिकारी तुलसीपुर तथा तहसील उतरौला के लिए उप जिलाधिकारी उतरौला को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि धान खरीद केंद्रों पर धान के सुरक्षित भंडारण, संबंधित चावल मिलों तक नियमानुसार धान के प्रेषण तथा केंद्रीय पूल में कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) के भंडारण की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित कराई जाए।

इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कारण से धान खरीद प्रक्रिया प्रभावित न होने पाए।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी को अपर जिला खरीद अधिकारी की जिम्मेदारीड

धान खरीद व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभिनन क्रय संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी, बलरामपुर को अपर जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है।

अपर जिला खरीद अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि शासन द्वारा निर्धारित धान क्रय नीति एवं समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जनपद में धान खरीद तथा भारतीय खाद्य निगम में कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) का संप्रदान सुनिश्चित कराया जाए।

किसानों को पारदर्शी एवं सुगम धान खरीद व्यवस्था उपलब्ध कराना प्राथमिकताड

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कहा कि जनपद के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। धान क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाए जाने से किसानों को अपने निकटवर्ती क्षेत्रों में धान विक्रय की सुविधा मिलेगी तथा खरीद व्यवस्था अधिक सुलभ होगी।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, खरीद प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार धान खरीद एवं भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि धान खरीद प्रक्रिया में किसानों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा क्रय केंद्रों पर प्राप्त होने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

जिला प्रशासन द्वारा जनपद के सभी पात्र किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ उपलब्ध कराने तथा धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं किसान हितैषी बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

वोटर लिस्ट पुनरीक्षण हेतु दो दिवसीय लगवाया कैम्प-शरद वाजपेई

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर लिस्ट को जारी किया गया है और एक लिस्ट वह भी जारी की गई है जिसमें लोगों के नाम कटे हैं उस लिस्ट का अवलोकन करने हेतु जनता के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष शरद बाजपेयी ने अपने आवास पर दो दिवसीय कैम्प का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने वोटर लिस्ट का अवलोकन किया। यह कैम्प सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक चला।भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि वोटर लिस्ट के अवलोकन हेतु अपने आवास पर दो दिवसीय कैम्प लगवाया है जिसमें लोगों ने वोटर लिस्ट का एवं काटे गए नामों की सूची का अवलोकन किया, जिसमें अधिकतर



काटे गए नामों में लोगों की मृत्यु व सिफ्टिंग के नाम थे। शरद बाजपेयी ने कहा कि विपक्ष का वोट काटने का आरोप बेबुनियाद है वे ही वोट काटे गए है जिन लोगों की मृत्यु हो गई है या जो लोग सिफ्ट कर गए है और जिनके दो जगहों पर वोट थे।ज्यादातर सभी के नाम वोटर लिस्ट पाये गए, कुछ लोगों ने एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की थी उन्हीं के नाम लिस्ट में कटे है, उनके नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने की प्रक्रिया उन्हें बता दी गई है। जो लोग अपनी वोटर लिस्ट का अवलोकन नहीं कर पाये है वे सभी कल नगर पालिका परिषद में आकर अपनी वोटर लिस्ट का अवलोकन कर लें। शरद बाजपेयी ने कहा कि जिन लोगों का वोटर लिस्ट में नाम नहीं है वो लोग कैम्प में आकर अपने बीएलओ से सम्पर्क कर लें और अपना वोट बढ़वा लें, यह अच्छा मौका है इसे गंभीरता से ध्यान में रखते हुए अपना व अपने परिवार के सदस्यों के वोट की जांच कर लें, कल ये कैम्प नगर पालिका परिषद में सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक चलेगा।इस दो दिवसीय कैम्प में बीएलओ डिम्पी शंखवार, मुन्ने देवी सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

इंस्टाग्राम से शुरू हुई प्रेम की अजब गजब कहानी 75 वर्षीय रामसुगर की 30 वर्षीय बनेगी रानी

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद में इंस्टाग्राम पर शुरू ही प्रेम कहानी इन दिनों सोशल मीडिया पर सुखिर्यां बटोर रही है, जनपद के सहार स्थित ग्राम अरियारी निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग की प्रेम कहानी क्षेत्र में बनी चर्चा का विषय। 75 वर्षीय रामसुगर को 30 वर्षीय इंस्टाग्राम ब्लॉगर रानी राजपूत से प्यार हो गया, रामसुगर बेटी राधा के घर वीडियो शूटिंग के दौरान रानी राजपूत से मुलाकात हुई थी, वहीं से दोनों में प्यार हुआ,? औरैया के एक ब्यूटी पार्लर में दोनों की सगाई होने का दावा। सगाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद लोगों में चर्चा का विषय बन गई,

परिवार के मुताबिक, जल्द ही दोनों शादी के बंधन में बंधेंगे।

अनोखी प्रेम कहानी को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद जनपद में चर्चा का विषय बनी हुई है।



अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

महलई मोड़ पर घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल



प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर। थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।पुलिस के अनुसार गुरुवार रात को उ0नि0 शुभम वर्मा कां0 सनोज कुमार,आर्य चिकारा और सुशील कुमार क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।तभी मुखबिर से सूचना मिली कि महलई मोड़ के पास एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है जिसके पास अवैध हथियार है और वह किसी वारदात की फिराक में है।पुलिस ने उक्त स्थान पर घेराबंदी कर दीपक उर्फ दीपा पुत्र वीरेश यादव निवासी नगला देवी मीठेपुर थाना करहल मैनपुरी उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी में उसके पास से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ।थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

ऑपरेशन मुस्कान एक घंटे में परिजनों से मिली मंदिर में बिछड़ी चार वर्षीय बालिका

मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत लवेदी-भरेह मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने तत्परता से खोजा

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। सिद्धपीठ मंदिर लखना में दर्शन करने आई एक महिला की चार वर्षीय पुत्री परिजनों से बिछड़ गई। सूचना मिलते ही इटावा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को महज एक घंटे के अंदर सकुशल खोजकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्ची के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की तत्परता की सराहना की।पुलिस के अनुसार, शुक्रवार 16 अक्टूबर को एक महिला अपने बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सिद्धपीठ मंदिर, लखना



में दर्शन करने आई थीं। इसी दौरान उनकी चार वर्षीय पुत्री मंदिर परिसर में परिजनों से बिछड़ गई। बालिका के लापता होने की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत थाना लवेदी/भरेह के मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने तत्काल तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए करीब एक घंटे के भीतर बालिका को सकुशल खोज निकाला और उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपनी बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने के आरोप में एक गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत भरेह थाना पुलिस ने महिलाओं के प्रति अभद्र व्यवहार करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार 16 अक्टूबर को थाना भरेह की मिशन शक्ति टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान आने-जाने वाले रास्ते पर महिलाओं के प्रति अभद्र व्यवहार करते पाए जाने पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान महेंद्र सिंह (30) पुत्र धनीराम, निवासी पुरा मल्लाहन, थाना भरेह, जनपद इटावा के रूप में हुई है।पुलिस ने इस मामले में थाना भरेह पर मु0अ0सं0 09/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 में अभियोग दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए जागरूकता अभियान चलाने के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



बाइक-ई-रिक्शा की भिड़ंत में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। बेला थाना अंतर्गत चौकी याकूबपुर क्षेत्र के औरों मोड़ के पास बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी बेला में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार टिकनापुर गांव निवासी रामप्रकाश पुत्र मुंशीलाल और सत्यप्रकाश पुत्र रामसनेही बाइक से बेला की ओर जा रहे थे। औरों मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ई-रिक्शा से टकरा गई। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को बेला सीएचसी पहुंचाया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। थाना प्रभारी अमर बहादुर सिंह ने बताया कि



अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रोटावेटर से कटकर युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस


औरैया। बिधूना कोतवाली क्षेत्र के पुर्वापट्टी गांव में बीती रात खेत की जुताई करते समय रोटावेटर की चपेट में आकर ट्रैक्टर मालिक के पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार बिधूना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुर्वा पट्टी निवासी लगभग 18 वर्षीय शिवांशु पुत्र श्यामू राजपूत बीती रात अपने ट्रैक्टर में रोटावेटर के सहारे खेत की जुताई कर रहा था तभी किसी तरह वह ट्रैक्टर से नीचे गिरकर रोटावेटर की चपेट में आ गया जिससे कटकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया वहीं मृतक के परिजनों ने उसका पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इस घटना से समूचे गांव में मातम छा गया है। मृतक युवक अपने दो भाइयों में बड़ा था।

विंध्य नर्सिंग होम का सराहनीय कार्यः नवरात्रि मेले में हजारों श्रद्धालुओं को कराया प्रसाद वितरण

इससे पूर्व एक माह तक चला था निःशुल्क ब्लड जांच शिविर

प्रातः काल एक्सप्रेस

विंध्याचल, मीरजापुर। सेवा और समर्पण की मिसाल बन रहा विंध्य नर्सिंग होम लगातार जनसेवा के सराहनीय कार्य कर रहा है। इसी क्रम में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विंध्याचल में माँ विंध्यवासिनी के दर्शन को आए श्रद्धालुओं के लिए भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार, 15 अक्टूबर को होटल गायत्री पैलेस, गेट नंबर 2, गायत्री चौराहा, विंध्याचल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम विंध्य नर्सिंग होम के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें नवरात्रि मेले में आए हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया और इस सेवा भावना की



मुक्त कंठ से सराहना की।गौरतलब है कि विंध्य नर्सिंग होम द्वारा इससे पूर्व लगातार एक माह तक आम जनमानस के लिए निःशुल्क ब्लड परीक्षण जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था, जिसका सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया था। अस्पताल द्वारा समय-समय पर किए जा रहे ऐसे जनसेवा के कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। आयोजकों ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु माँ के दरबार में आते हैं, ऐसे में उनकी सेवा करना ही सच्ची भक्ति है। इसी भावना से अस्पताल परिवार निरंतर सेवा कार्यों में जुटा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पं. शिवराम मिश्र एवं विंध्य नर्सिंग होम की एमडी डॉ. अंजली शर्मा सहित अस्पताल के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए स्वागत, जलपान एवं प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई थी।

नैनी ए.डी.ए बिशप कान्वेंट स्कूल में तीन दिन से चल रहे रामलीला मंचन भव्य आयोजन

बच्चों ने बहुत ही सुंदर मनोहर ढंग से रामलीला का मंचन किया

प्रातः काल एक्सप्रेस

नैनी/प्रयागराज। शुक्रवार नैनी स्थित ए.डी.ए बिशप कान्वेंट स्कूल में तीन दिन से चल रहे रामलीला मंचन का आज राम द्वारा रावण का वध के साथ समाप्त हुआ रामलीला मंचन में रावण द्वारा सीता हरण जटायू वध श्री राम का लंका पर आक्रमण हनुमान जी का माता सीता को श्री राम जी की अंगूठी समर्पित करना राम भिभीषण का मिलान किया गया बच्चों में अत्यधिक उत्साह दिखाई पड़ा एवं अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया स्कूल प्रबंधक संजय पाठक ने कहा कि



सनातन धर्म के संदेश को बच्चों तक पहुंचाना हमारा धेय होना चाहिए धर्म की अधर्म पर विजय का संदेश एवं प्रभु श्री राम-सीता के चरित्र का वर्णन ही सनातन धर्म है पुरुषों में सर्वोत्तम सर्वश्रेष्ठ पुरुष के संज्ञा से सुशोभित मर्यादा पुरुषोत्तम राम का चरित्र का अनुसरण करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए एवं रामायण हमारा प्रमुख धर्म है इस कार्यक्रम में श्री राम की भूमिका कलेश मिश्रा, लक्ष्मण की भूमिका अनमोल मिश्रा,सीता माता की भूमिका संस्कृति सिंह,हनुमान की भूमिका आर्यन वाल्मीकि तथा रावण की भूमिका आशीष आयुष्मान द्विवेदी ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुविख्यात समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह आदि रहे। संचालन अलका पाठक,अध्यक्षता रूचि मिश्रा, रामायण मंचन में स्कूल के अध्यापक अध्यापिका एवं समस्त स्टाफ ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

नपाध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने भटवा की पोखरी वार्ड में सीसी रोड का किया लोकार्पण

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर। नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने शुक्रवार को वार्ड भटवा की पोखरी में नवनिर्मित सीसी रोड का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान वार्ड के सभासद, पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



लोकार्पण के अवसर पर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। भटवा की पोखरी वार्ड के लोगों की लंबे समय से सीसी रोड की मांग थी, जिसे आज पूरा कर दिया गया है। इस रोड के बनने से स्थानीय लोगों को कीचड़ और जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का लक्ष्य है कि शहर का कोई भी वार्ड विकास से अछूता न रहे। सड़क, नाली, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नई सीसी रोड बनने से अब आने-जाने में काफी सहूलियत होगी।

पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी बिधूना के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिधूना पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त धर्म सिंह पुत्र मेवालाल राजपूत निवासी ग्राम तेजपुर कंचौसी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात हाल निवासी कचहरी के पीछे पछैया बस्ती किशनी रोड बिधूना थाना बिधूना जनपद औरैया। को मुखबिर की सूचना पर सहार मोड़ के पास से अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 336/26 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



स्नातक एमएलसी चुनावः कॉलेजों में शिक्षकों से मिले शिवशंकर पटेल

शिक्षकों की मांगों को विधान परिषद तक पहुंचाने का भरोसा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। इलाहाबाद-झांसी सनतक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी शिवशंकर पटेल ने शुक्रवार को विभिनन कॉलेजों में पहुंचकर शिक्षकों, कर्मचारियों और सनतक मतदाताओं से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं, पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षित युवाओं के रोजगार और संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के अधिकारों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में सनतक वर्ग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है और शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने की जरूरत है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8 बजे सोरांव में डॉ. दिलीप पटेल, सुबह ईश्वरदीन केडी कॉलेज, जसरा, लाल चंद कॉलेज, जसरा, एमवी कॉलेज गौसिया एवं



मदन मोहन मालवीय कॉलेज, छम्मी ऋषि कॉलेज, चटवा, राम अभिलाष कॉलेज, अकोढ़ा, कृषक कॉलेज, जारी,शिवाजी कॉलेज, पटेल नगर, धनंजय सिंह कॉलेज, मवैया, परमानंद कॉलेज, खीरी, शिव जियावन कॉलेज, कोडि.डियारी, ममिदपुर तथा सरदार पटेल कॉलेज, सिकरो और खोरांव में जनसंपर्क किया ।

शिवशंकर पटेल ने शिक्षकों और कर्मचारियों से संवाद करते हुए कहा कि कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं, सेवा संबंधी मांगों और पुरानी पेंशन बहाली जैसे विषयों को गंभीरता से उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनतक एमएलसी का दायित्व केवल सदन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षकों, कर्मचारियों और सनतक मतदाताओं की आवाज बनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करना भी है।

उन्होंने कहा कि शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और संविदा व आउटसोर्सिंग कमिर्यों की समस्याओं को सदन में उठाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने शिक्षकों और सनतक मतदाताओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों और भविष्य से जुड़े मुद्दों को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

इस दौरान दिलीप सिंह, सुभाष सिंह, शिवमूरत सिंह, मोहित सिंह , अजय सिंह, मनोज सिंह, पी.एल वर्मा ,रामसिया,रामनाथ सिंह

ईश्वरदीन ,छेदीलाल, वैभव, राजेंद्र सिंह, रश्मी सिंह,जगननाथ पटेल,इंद्रजीत सिंह पटेल, आजाद सिंह , डॉ.पी.एल वर्मा, रामसिया सिंह, रामनाथ सिंह, राजेश, बुलबुल सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे.

स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर डॉ. मानसिंह यादव ने कोरांव में किया सघन जनसंपर्क

शिक्षकों, अधिवक्ताओं, युवाओं और प्रबुद्धजनों से मांगा समर्थन, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। आगामी सनतक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव को लेकर डॉ. मानसिंह यादव ने सोमवार को कोरांव तहसील क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिनन स्थानों पर सनतक मतदाताओं, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, युवाओं और प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर चुनाव में समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

डॉ. मानसिंह यादव ने कहा कि सनतक एमएलसी चुनाव शिक्षित समाज की आवाज को विधान परिषद तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षा, रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दों को सदन में मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सनतक मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने और जागरूक होकर मतदान करने की अपील की।

जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिनन स्थानों पर लोगों से संपर्क कर चुनाव को लेकर चर्चा की। इस दौरान समर्थकों ने डॉ. यादव के पक्ष में माहौल बनाने और अधिक से अधिक सनतक मतदाताओं तक पहुंचने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मेजा विधायक संदीप पटेल, इंजीनियर जगदीश यादव, जिला महासचिव जयशंकर भारतीय, रणजीत सोनकर, विजयराज यादव, सोमदत्त सिंह पटेल, रविंद्र कुमार जाटव, मेहताब खान, लल्लन पटेल, राजेश पांडेय, रामानुज यादव, सुमन कोल, शहादत अली, पवन सोनकर, अनीता कोल, लालजी पाल निराला, अखिलेश यादव, प्रधान मंगलदेव कोल, वंशराज यादव, कमलेश यादव, अजय कुशवाहा, ओम प्रकाश कुशवाहा, हरिप्रसाद पाल, विनय सोनकर, सतेंद्र कोल और गायत्री प्रसाद तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मानसिंह यादव ने जनसंपर्क अभियान में शामिल सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट अब झांसी में भी, 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप का मौका

एक नवंबर को होगा एलन शार्प एग्जाम, 15 जनवरी से शुरू होंगी कक्षाएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देशभर में प्रसिद्ध एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट अब झांसी में भी ऑफलाइन क्लासरूम कोचिंग शुरू करने जा रहा है। शुक्रवार को रामेश्वरम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में इसकी घोषणा की गई। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक नवंबर को आयोजित होने वाली एलन शार्प परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थिन्यों को फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईजी आकाश कुलहरि, समाजसेविका अनुराधा शर्मा, गौरव मिश्रा, एलन के चीफ एकेडमिक ऑफिसर सीआर चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विपिन योगी, कलस्टर हेड चेतन शर्मा और झांसी सेंटर हेड नारायण आचार्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान संस्थान के पोस्टर का विमोचन किया गया।

सीएओ सीआर चौधरी ने कहा कि एलन का उद्देश्य विद्यार्थिन्यों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। झांसी में संस्थान की शुरुआत से बुंदेलखंड के विद्यार्थिन्यों को अपने शहर में रहकर बेहतर मार्गदर्शन मिल सकेगा। डॉ. विपिन योगी ने कहा कि शहरवासियों के सामूहिक प्रयास से झांसी में बेहतर शैक्षणिक वातावरण विकसित किया जा सकता है।

झांसी में चित्रा चौराहा, सीपरी बाजार स्थित विराजनी गार्डन के पास ग्वाल टोली में हाउस नंबर 2112 पर संस्थान का कार्यालय संचालित हो रहा है। यहां जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड और नीट-यूजी के साथ कक्षा छह से दस तक के विद्यार्थिन्यों को बोर्ड परीक्षाओं और विभिनन ओलंपियाड की तैयारी कराई जाएगी। कक्षाएं 15 जनवरी से शुरू होंगी।

एलन के मेंटर एवं फिजिक्स फैकल्टी विकास सिंघल ने बताया कि विद्यार्थिन्यों को नियमित कंप्यूटर आधारित टेस्ट, एलन ऐप के माध्यम से होमवर्क, ऑनलाइन डाउट समाधान और टेस्ट विश्लेषण की सुविधा मिलेगी। संस्थान का लक्ष्य झांसी और आसपास के विद्यार्थिन्यों को कोटा जैसी शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों में न जाना पड़े।

गौरतलब है कि 18 अप्रैल 1988 को स्थापित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट देश के 81 शहरों में 350 से अधिक क्लासरूम कैंपस के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहा है। संस्थान के अनुसार, अब तक 44.50 लाख से अधिक विद्यार्थी इससे मार्गदर्शन प्राप्त कर चुके है।

विश्व खाद्य दिवस पर कृषि विश्वविद्यालय में सजी खाद्य प्रदर्शनी

कुलपति बोले–खाद्य विरासत का संरक्षण भावी पीढि.यों के लिए जरूरी, सीडीओ ने भोजन की बर्बादी रोकने का किया आह्वान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। विश्व खाद्य दिवस-2026 के अवसर पर रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में खाद्य पदार्थों, पारंपरिक व्यंजनों, पोस्टरों और रंगोली की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। 'आज नवाचार करें, कल पोषण दें' संदेश के साथ आयोजित कार्यक्रम में बुंदेलखंडी व्यंजनों, श्रीअनन (मिलेट्स) से बने पौष्टिक खाद्य पदार्थों और विभिनन राज्यों के पारंपरिक पकवानों को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि भारत की खाद्य एवं पोषण संबंधी विरासत अत्यंत समृद्ध है। इसे संरक्षित कर भावी पीढि.यों तक पहुंचाना आवश्यक है। ऐसे आयोजन खाद्य विविधता, पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं।

मुख्य अतिथि सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने कहा कि अनन का प्रत्येक दाना अमूल्य है। किसान बीज बोने से लेकर फसल तैयार करने तक कठिन परिश्रम करता है, इसलिए खाद्यानन का उचित भंडारण और संरक्षण जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जितनी आवश्यकता हो, उतना ही भोजन पकाएं और थाली में उतना ही लें, जितना खा सकें। भोजन की बर्बादी रोकना सभी की जिम्मेदारी है।प्रदर्शनी में श्रीअनन उत्कृष्टता केंद्र की ओर से ज्वार के रसगुल्ले, ज्वार का चूड़ा, रागी के समोसे, सामा के लड्डू, रागी की खीर और कुकीज सहित कई पौष्टिक खाद्य पदार्थ प्रस्तुत किए गए। डॉ. अनीता पोयम, डॉ. बीजिलक्ष्मी देवी और डॉ. प्रियंका शर्मा ने मणिपुर के पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए। डॉ. गरिमा गुप्ता ने चावल एवं रागी से बना फरहा, जबकि विद्यार्थिन्यों ने हिमाचल प्रदेश, झारखंड और बुंदेलखंड के पारंपरिक व्यंजन प्रस्तुत किए। छात्राओं ने खाद्य सुरक्षा, पोषण और अनन संरक्षण पर आधारित पोस्टर एवं रंगोली भी बनाई।

पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता की गृहिणी श्रेणी में डॉ. सुधा वर्मा को धुस्का के लिए प्रथम तथा श्रीमती वंदना महाजन को हिमाचली व्यंजनों के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला। संकाय सदस्य श्रेणी में डॉ. गरिमा को फरहा के लिए प्रथम, मणिपुरी व्यंजनों की प्रस्तुति एवं डॉ. प्रियंका शर्मा को सिड्डू के लिए द्वितीय तथा हिमांग्री को बुंदेली बड़ा के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यार्थी श्रेणी में वैष्णवी एवं उनकी टीम को झालमुड़ी और श्रीअनन के रसगुल्ले के लिए प्रथम पुरस्कार मिला। पॉट पेंटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्रेया एवं मुद्रिका को सम्मानित किया गया।

आयोजन समिति में डॉ. घनश्याम अबरोल, डॉ. गुंजन, डॉ. रविंद्र तिवारी, डॉ. हमीद एवं डॉ. गौतमी शामिल रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

परिवार परामर्श केंद्र का नवीनीकरण,अब सौहार्दपूर्ण माहौल में सुलझेंगे पारिवारिक विवाद

एसएसपी सूरज कुमार राय ने किया उद्घाटन,मिशन शक्ति 6.0 के तहत परिवारों में प्रेम,विश्वास और सामंजस्य बढ़ाने की पहल

डा0 एम ए तोमर
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।मिशन शक्ति 6.0 के तहत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र का जीणोद्धार एवं नवीनीकरण पूरा होने के बाद शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने उद्घाटन किया।केंद्र के नवीनीकरण का कार्य मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी एवं एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ के निर्देशन और मार्गदर्शन में संपनन हुआ।इस पहल का उद्देश्य वैवाहिक एवं पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना और बिखरते रिश्तों में संवाद व आपसी समझ को बढ़ावा देना है।नवीनीकरण के दौरान केंद्र में काउंसलरों के बैठने और परामर्श देने की व्यवस्था को सुविधाजनक बनाया गया।परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी के कार्यालय का भी नवीनीकरण कराया गया। इसके साथ ही दीवारों पर प्रेम,विश्वास,आपसी सम्मान और पारिवारिक एकता का संदेश देने वाली वॉल पेंटिंग बनाई गई है,ताकि केंद्र में आने वाले दंपती सहज वातावरण में अपनी समस्याएं साझा कर सकें।परिवार परामर्श केंद्र में वैवाहिक एवं पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों में काउंसलिंग और मध्यस्थता के माध्यम से समाधान कराने का प्रयास किया जाता है।पति-पतनी के बीच मतभेदों को बातचीत, आपसी समझ और सहमति से दूर कर परिवारों में सौहार्दपूर्ण माहौल कायम करना केंद्र का प्रमुख उद्देश्य है।मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा,सम्मान और स्वावलंबन के साथ पारिवारिक विवादों के समाधान पर भी जोर दिया जा रहा है।केंद्र का नवीनीकरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।नवीनीकरण कार्य में माइक्रोनेट आईटी एजुकेयर सोसाइटी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।उद्घाटन के अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ मिश्रा,परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी लतेश वर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

17 साल बसपा में बहुजन उत्थान,अब भाजपा एससी मोर्चा की कमान यशवीर के हाथ


मुजफ्फरनगर में संगठन ने बदला चेहरा,पश्चिम क्षेत्र में साढ़े चार साल क्षेत्रीय मंत्री रहे यशवीर सिंह को मिली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

डा0 एम ए तोमर
प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।भारतीय जनता पार्टी ने अनुसूचित जाति मोर्चा के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव करते हुए मुजफ्फरनगर की जिम्मेदारी यशवीर सिंह को सौंपी है।प्रदेश स्तर से जिलाध्यक्षों की नई सूची जारी होने के बाद उनकी नियुक्ति की घोषणा हुई।करीब 17 वर्ष तक बहुजन समाज पार्टी में रहकर बहुजन उत्थान से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे यशवीर सिंह ने लगभग आठ वर्ष पहले भाजपा में प्रवेश किया था।अब क्षेत्रीय स्तर पर संगठन का दायित्व निभाने के बाद उन्हें जिले की कमान सौंपी गई है।भरतिया कॉलोनी निवासी यशवीर सिंह पेशे से व्यापारी हैं और ठेकेदारी का कार्य भी करते हैं।राजनीतिक सफर की शुरुआत उन्होंने बसपा के साथ की थी।इस दौरान कांशीराम और मायावती की विचारधारा से प्रभावित होकर बहुजन मिशन तथा दलित समाज के उत्थान से जुड़े कार्यों में भागीदारी की।बाद में भाजपा में शामिल होकर उन्होंने पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई और अनुसूचित जाति मोर्चा के पश्चिम क्षेत्र में क्षेत्रीय मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली।करीब साढ़े चार वर्ष तक इस पद पर रहने के बाद अब उन्हें जिला स्तर पर नेतृत्व का अवसर मिला है।भाजपा में उनकी नियुक्ति को जिले में अनुसूचित जाति समाज के बीच संगठन की गतिविधियों को गति देने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की चुनौती से जोड़कर देखा जा रहा है।पार्टी ने पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सागर की जगह यशवीर सिंह को जिम्मेदारी दी है।अजय सागर भी इस पद के प्रमुख दावेदारों में बताए जा रहे थे लेकिन संगठन ने इस बार नए चेहरे पर भरोसा जताया।यशवीर सिंह के राजनीतिक संपर्कों और विभिनन वर्गों के लोगों से संवाद को भी उनकी संगठनात्मक सक्रियता का हिस्सा माना जाता है।उनकी नियुक्ति के बाद अब उनसे मोर्चे को बूथ स्तर तक मजबूत करने और अनुसूचित जाति समाज के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने की अपेक्षा रहेगी।जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर यशवीर सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया।उन्होंने कहा कि वह मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा,ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।बाबा साहेब डा0 भीमराव आंबेडकर के विचारों,सामाजिक समरसता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।उन्होंने कहा कि संगठन के सभी साथियों को साथ लेकर अनुसूचित जाति मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।

क्राफ्ट मेला मैदान बना अयोध्या, राम जन्मोत्सव की कथा में झूमे श्रद्धालु

मोरारी बापू की भारत स्वस्तिक यात्रा में गूंजा वंदेमातरम, रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य को किया नमन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। राष्ट्रीय संत मोरारी बापू की भारत स्वस्तिक यात्रा शुक्रवार को झांसी पहुंची। रानी लक्ष्मीबाई दुर्ग की तलहटी स्थित क्राफ्ट मेला मैदान में आयोजित एक दिवसीय रामकथा में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

मोरारी बापू ने कहा कि पति-पतने एक-दूसरे से प्रेम और सम्मान करें तथा परमात्मा के प्रति सच्ची श्रद्धा रखें, तो हर घर में राम जैसे संस्कारों वाले बालक जन्म ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि रिश्तों में एक-दूसरे को साधन नहीं, बल्कि साध्य मानना चाहिए। आज परिवारों में प्रेम और करुणा के स्थान पर कपट व ईर्ष्या बढ़ रही है, जिससे रिश्तों में विवाद पैदा हो रहे हैं।

उन्होंने जीवन में सत्य, अच्छे कर्म और प्रभु भजन को महत्व देते हुए कहा कि रामचरितमानस में जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान मिलता है। भरत जी के राम के प्रति अटूट प्रेम का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भक्त और भगवान के बीच प्रेम में कपट का कोई स्थान नहीं होता।

कथा से पूर्व मोरारी बापू ने रानी लक्ष्मीबाई किले का भ्रमण कर महारानी के शौर्य और बलिदान को नमन किया। राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष राष्ट्रगान के बाद कथा मंच पर वंदेमातरम का सामूहिक गायन हुआ। उन्होंने बुंदेलखंड की वीरभूमि और चित्रकूट की पावन धरा को नमन किया।

भारत स्वस्तिक यात्रा का उद्देश्य सनातन संस्कृति को जोड़ना है। 10 से 23 अक्टूबर तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही इस यात्रा में मोरारी बापू के साथ बड़ी संख्या में सेवादार और श्रद्धालु शामिल हैं। झांसी के बाद यात्रा का अगला पड़ाव मथुरा और फिर कुरुक्षेत्र है।

इस अवसर पर सांसद डॉ. अनुराग शर्मा, पूनम शर्मा, अनुराधा शर्मा, राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया, संतोष दास महाराज सतुआ बाबा, महामंडलेश्वर गोपाल बाबा, मोहन बाबा, मंथन भाई पारीवाल सहित अनेक संत, गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सैलून द रॉयल की दूसरी ब्रांच का हुआ शुभारंभ, आधुनिक ब्यूटी सेवाओं की मिलेगी सुविधा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। इलाइट-सीपरी रोड स्थित सैलून द रॉयल का भव्य शुभारंभ समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपनन हुआ। प्रतिष्ठान का उद्घाटन श्रीमती श्वेता साहू एवं नगर निगम झाँसी की सभासद श्रीमती रामकुमारी यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित लोगों ने प्रतिष्ठान के संचालक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल व्यवसाय की कामना की। सैलून के प्रोपराइटर दीपक साहू पूर्व पार्षद नगर पंचायत बड़ागाँव, श्रीमती स्वेता साहू,प्रथम साहू ने बताया कि सैलून द रॉयल में ग्राहकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हेयर सैलून, ब्यूटी एवं मेकअप सहित विभिनन प्रकार की सौंदर्य संबंधी सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठान का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही स्थान पर सौंदर्य एवं ग्रूमिंग से जुड़ी सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें बेहतर सेवाओं का लाभ मिल सके।

उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने प्रतिष्ठान की शुरुआत पर प्रसननता व्यक्त की और आशा जताई कि सैलून अपने कार्य एवं सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास हासिल करेगा। इलाइट-सीपरी रोड पर स्थित होने के कारण यह प्रतिष्ठान क्षेत्र के लोगों के लिए सुविधाजनक साबित हो सकता है। इस अवसर पर डॉ बी के साहू कानपुर, श्रीमती प्रियंका साहू पूर्व उपसभापति नगर निगम झांसी, अमित साहू जिला महामंत्री भाजपा झांसी, मोतीलाल,रतीराम कुशवाहा, भगवान दास कुशवाहा, मोहित गुप्ता,भगवान राम साहू, विष्णु साहू,दीपक कुशवाहा, रामस्वरूप साहू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिष्ठान के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

अखिल भारतीय स्तर पर तीसरी रैंक हासिल करने वाले कामरान अहमद को अखिलेश यादव ने लैपटॉप देकर किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।जनपद के गांव सूजडू की खालसा पट्टी निवासी मेधावी छात्र कामरान अहमद ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा और शानदार प्रदर्शन से मुजफ्फरनगर का नाम रोशन किया है। सीबीएसई 2026 बोर्ड फेज-2 परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरी रैंक हासिल करने के साथ जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कामरान को लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लैपटॉप देकर सम्मानित किया।इस सम्मान से कामरान का हौसला बढ़ा और उनकी उपलब्धि को नई पहचान मिली।जी माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर के छात्र कामरान अहमद पुत्र आफताब राणा एडवोकेट,मरहूम जमील अहमद प्रधान के पौत्र हैं।उनकी इस उपलब्धि ने परिवार के साथ-साथ खालसा पट्टी गांव और पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह मेधावी विद्यार्थिन्यों को सम्मानित किया गया, जिनमें कामरान भी शामिल रहे।

मेहनत और लगन से हासिल की कामयाबी

सीबीएसई परीक्षा में राष्ट्रीयस्तर पर तीसरी रैंक हासिल करना कामरान की मेहनत, अनुशासन और पढ़ाई के प्रति समर्पण को दर्शाता है। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।उनकी सफलता इस बात का उदाहरण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति,निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।सम्मान समारोह के दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जिया चौधरी भी मौजूद रहे।कामरान की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।उनकी सफलता उन विद्यार्थिन्यों के लिए प्रेरणा है,जो शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने का सपना देखते हैं।खालसा पट्टी के इस होनहार छात्र ने अपनी उपलब्धि से परिवार,गांव और मुजफ्फरनगर का मान बढ़ाया है।क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि कामरान भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए मुकाम हासिल कर जनपद का नाम रोशन करते रहेंगे।

माँ शाकुंभरी देवी मेले में मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष जोर

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला शक्ति की दी जा रही है सुरक्षा एवं सुविधाएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । माँ शाकुंभरी देवी मेले में महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सम्मान और सुविधा को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति के अंतर्गत विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। मेले में आने वाली महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस बल की तैनाती, महिला हेल्प डेस्क और निगरानी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



महिला सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पर्यटक पुलिस की सक्रियता और महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से महिला श्रद्धालुओं को सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही, पूरे मेला क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था और ण्ण्ऊ≠ कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा सके। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा और गरिमा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए अलग शौचालय एवं सननागार की व्यवस्था भी की गई है। वहीं, मेले को स्वच्छ बनाए रखने में महिला सफाईकर्मी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सड़कों, रास्तों और महिला सुविधाओं की साफ-सफाई के माध्यम से स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति के अंतर्गत की जा रही इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा का विश्वास, सम्मान का अनुभव और सहज वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे निश्चिंत होकर मेले में शामिल हो सकें और माँ शाकुंभरी देवी के दर्शन कर सकें। मिशन शक्ति – सुरक्षा का संकल्प, सम्मान का विश्वास। सशक्त नारी, सुरक्षित समाज।

जनपद स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर । जिला विज्ञान क्लब, सहारनपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को महाराज सिंह (डिग्री) कॉलेज, सहारनपुर में जनपद स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों को प्रोत्साहित करना, उनके नवाचारों को मंच प्रदान करना तथा आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवप्रवर्तन के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। प्रदर्शनी में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों एवं विज्ञान मॉडलों का निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार डीमरी, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग, महाराज सिंह कॉलेज, सहारनपुर; प्रोफेसर डॉ. दीपा चौहान, विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, महाराज सिंह कॉलेज, सहारनपुर; प्रोफेसर डॉ. संजय गुप्ता, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, महाराज सिंह कॉलेज, सहारनपुर तथा डॉ. अरुण कुमार त्यागी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, कोटा शामिल रहे।

निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के नवाचारों की मौलिकता, उपयोगिता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सामाजिक प्रासंगिकता के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत नवाचारों ने वैज्ञानिक सोच और स्थानीय समस्याओं के समाधान में नवप्रवर्तन की महत्ता को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव द्वारा प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी

1. प्रथम स्थानः पार्थ
2. द्वितीय स्थानः गौरव
3. तृतीय स्थानः विवेक

सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सहभागिता एवं नवाचार के लिए पाँच प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें विश्वास, रितिक, नम्रा, मयंक एवं पलक शामिल रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला समन्वयक अम्बरीश शास्त्री एवं जिला सह-समन्वयक सचिन त्यागी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनके समन्वय, सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने में सहायता मिली। इस आयोजन के माध्यम से नवप्रवर्तकों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। ऐसे कार्यक्रम नवाचारों को प्रोत्साहन देने, वैज्ञानिक चेतना का प्रसार करने तथा समाज में रचनात्मक एवं समस्या-समाधान आधारित सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विभीषण शरणागति और रामेश्वर पूजन की लीला का मंचन

प्रातः काल एक्सप्रेस



चिलकाना। नगर के सुल्तानपुर स्थित एकता मंच पर आयोजित वार्षिक श्रीरामलीला महोत्सव में विभीषण शरणागति और रामेश्वर पूजन की लीला का मंचन किया गया। रावण द्वारा अपमानित कर लंका से निकाले जाने के बाद विभीषण भगवान श्रीराम की शरण में पहुंचे और रामादल में शामिल हो गए। इसके बाद सेतु निर्माण से पूर्व रामादल ने रामेश्वर की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजपाल सैनी उपस्थित रहे। लीला का उद्घाटन मनोज गुप्ता, विनय गुप्ता व स्पर्श गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया तथा भगवान श्रीराम की आरती की गई।श्रीराम की भूमिका में लविश, लक्ष्मण के किरदार में रोहित सैनी, रावण की भूमिका में रवि कुमार, मेघनाद के रूप में राहुल कुमार और विभीषण की भूमिका में नितिन सैनी ने अभिनय किया। नल-नील की भूमिका अमित और हैनी ने निभाई। मंच संचालन आकाश काशी ने किया, जबकि चौपाइयों का वाचन मास्टर मामराज और ढोलक पर रजनीश कश्यप ने संगत दी। इस अवसर पर मनदीप सैनी, संजय सैनी, संदीप सैनी, आशु प्रजापत, कन्हैया, सूरज, सौरभ, सुधीर, गणेश व विकास प्रजापत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एसएसआर -2027 : जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की।

बैठक की मुख्य बातें:

- बूथों पर मतदाता सीमाः प्रत्येक मतदेय स्थल पर अधिकतम 1,200 मतदाता होंगे, बूथ भूतल पर होंगे और 2 किमी से अधिक दूरी नहीं होगी।

- ड्बीएलए नियुक्ति पर जोरःड्ड सभी दलों से हर बूथ पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने और बीएलओ से समन्वय करने को कहा गया।

- प्रारूपों की जानकारीः नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 (प्रवासी के लिए 6क), विलोपन/आपत्ति के लिए फॉर्म-7 और संशोधन/स्थान परिवर्तन के लिए फॉर्म-8 निर्धारित है।

- महत्वपूर्ण तिथियांः मतदेय स्थलों का संभाजन - 2 नवंबर 2026 तक

- एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन - 12 नवंबर 2026

दावे-आपत्ति अवधि - 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026

- निस्तारण - 28 दिसंबर 2026 तक

- अंतिम प्रकाशन - 04 जनवरी 2027 जिला निर्वाचन अधिकारी ने 18-19 आयु वर्ग के युवा, महिला, दिव्यांग और वंचित वर्गों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी के अलावा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष पूरे करने वाले युवा भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

शबैठक में एडीएम प्रशासन लवी त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित भाजपा, सपा, कांग्रेस, आप और अपना दल एस के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मिशन शक्ति फेज-6: राजकीय इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत थाना सदर बाजार पुलिस ने राजकीय इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।एसएसपी अभिनन्दन के निर्देशन में एसपी नगर व्योम बिंदल और सीओ नगर द्वितीय विकास प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में थाना प्रभारी सदर बाजार और मिशन शक्ति टीम ने यह कार्यक्रम किया।? कार्यक्रम में परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से निस्तारित पारिवारिक प्रकरणों के परिजनों को सम्मानित किया गया और उनका फीडबैक लिया गया। परिजनों ने विद्यार्थिर्यों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए पारिवारिक विवादों में संवाद और समझ के महत्व पर प्रकाश डाला।विद्यार्थिर्यों को महिला सुरक्षा, नारी सम्मान, महिला अधिकारों और मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के बारे में जागरूक किया गया।प्रमुख हेल्पलाइन नंबरः

-112- पुलिस आपातकालीन सेवा
1090- महिला पावर लाइन
-181- महिला हेल्पलाइन
- 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
- 1930 - साइबर हेल्पलाइन

मलवां में भाकियू अराजनैतिक की राष्ट्रीय टीम से मिले असोथर ब्लॉक के पदाधिकारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के असोथर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मलवां में पशु बाजार के उद्घाटन समारोह के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान और जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष ने टीम के साथ दोनों पदाधिकारियों को रामदरबार का चित्र भेंट किया। साथ ही संगठन की गतिविधियों और किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस मुलाकात को संगठनात्मक मजबूती और आपसी समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक शिवबदन सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश उर्फ गुड्डू मिश्रा, युवा ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष लल्ला खान और रईस राईन सहित असोथर ब्लॉक की टीम मौजूद रही।



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक

उद्यमियों एवं व्यापारियों के कार्य प्राथमिकता से करने के दिए सख्त निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बँधु की बैठक आहूत की गयी।

बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के उपरान्त लम्बित प्रकरणों पर नराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये कि प्रकरण किसी भी दशा में निर्धारित समय अवधि के बाहर लम्बित न रखा जायें।

नगर निगम के एजेण्डें में लम्बित प्रकरणों में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि नगर निगम के लम्बित बिन्दुओं को तत्वरित निस्तारित किया जायें। ग्राम द्रोणपुरी कॉलोनी(मेघ छप्पर), अम्बाला रोड के प्रकरण के सम्बन्ध में अधिाासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पृथक से बैठक करते हुए प्रकरण को निस्तारित किये जाने के निर्देश



दिये गये। सीआईएस द्वारा दिल्ली रोड फोरलेन बाईपास तक के क्षेत्र को थाना सदर बाजार के अन्तर्गत किये जाने के सम्बन्ध में परिसीमांकन करते हुए सूचना पुलिस विभाग को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये। प्लेज पार्क योजनान्तर्गत विकसित किये जा रहे निजी औद्योगिक पार्क के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये गये कि प्लेज पार्क का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अद्यतन प्रगति से अवगत कराना सुनिचित करें। नवीन प्रकरणों के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को अग्रिम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। व्यापार बन्धु की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा व्यापारियों को व्यापार करने में आ रही समस्याओं पर चर्चा एवं समाधान कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा व्यापारियों को व्यापार में आ रही समस्याओं का निस्तारण शीघ्र करने हेतु नगर निगम एवं विद्युत विभाग गंगोह तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बीते दो माह के कार्य के संबंध में कमेटी गठित कर कार्य में लापरवाही पाए जाने पर वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर अरूणेश कुमार यादव, आईआईए से अनूप खनन, हौजरी एसोसिएशन से मनजीत अरोडा, लघु उद्योग भारती से अजय शर्मा, मोल्हड़ मल गर्ग, नुसरत साबरी, राजेश गुलाटी, मुकुन्द मनोहर गोयल आदि उपस्थित रहे।

भूमि विकास बैंक सरसावा पर ऋण प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। भूमि विकास बैंक सरसावा पर ऋण प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ग्राम पटनी निवासी राम शर्मा और उनकी पतनी रेखा शर्मा ने क्षेत्रीय प्रबंधक को शिकायत पत्र सौपकर न्याय की गुहार लगाई है। दंपती के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2006 में ग्राम रघुनाथपुर में 0.463 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी, लेकिन आरोप है कि वर्ष 2007 में भूमि का उचित सत्यापन किए बिना ऋण संबंधी प्रक्रिया अपनाई गई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि दिसंबर 2024 में एसबीआई चिलकाना से कृषि कार्ड बनवाने के दौरान अभिलेखों से संबंधित समस्या सामने आई। उनका आरोप है कि कई अधिकारियों के चक्कर लगाने के बावजूद समाधान नहीं हुआ। दंपती ने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में 3 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना देवबंद पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मुकदमे में फरार चल रहे तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में 15 सितंबर 2026 को वादी सौरभ



कुमार पुत्र बाबूराम निवासी राजूपुर थाना देवबंद ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त इशांत, आकांक्षा, कोमल, जयपाल और गीता निवासी जेल चुंगी शांति नगर थाना जनकपुरी ने उनके भाई के साथ गाली-गलौज की, जिससे आहत होकर उनके भाई ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इस पर थाना देवबंद पर मु.अ.सं. 681/2026 धारा 352/108 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसपी ग्रामीण और सीओ देवबंद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संदीप बालियान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर इशांत पुत्र जयपाल, आकांक्षा पुत्री जयपाल और कोमल पतने स्व. शुभम पुत्री जयपाल को जेल चुंगी सहारनपुर से गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

हाथीपर सवार होकर निकले श्रीराम-लक्ष्मण, बरसे पुष्प-पूरी भव्यता एवं सज-धजके साथ निकला सिविल लाइंसका रामदल

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। नवरात्र की महाषष्ठी पर शुक्रवार रात सिविल लाइंस का रामदल पूरी भव्यता एवं सजधज के साथ निकला। हाथी पर सवार भगवान श्रीराम-लक्ष्मण एवं सीता को देखने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने भगवान पर पुष्पवर्षा की। हाथी पर सवार भगवान ने भी भक्तों को पुष्प भेंट किये। भगवान के साथ निकली नयनाभिराम झांकियों को देख भक्त मंत्रमुग्ध हो गये। देर रात तक सिविल लाइंस की सड़कों पर भारी भीड़ मौजूद रही। रामदल हाईकोर्ट से पत्थर गिरिजाघर, सुभाष चौराहे होते हुए निकला। न्याय मार्ग क्षेत्र सिविल लाइंस एवं सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल की ओर से प्रभु रामचंद्र जी के स्वागत की भव्य तैयारी की गयी। क्लाइव रोड से लेकर हाईकोर्ट तक पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमग रहा। भगवान के साथ करीब बीस झांकियां श्रीराधा-कृष्ण सहित अन्य देवी देवताओं के कलात्मक प्रदर्शन के साथ निकाली गयी। रामदल की अगुवाई श्री गणेश एवं हनुमान जी ने किया। इससे पूर्व हाइकोर्ट के समीप न्यायविद हनुमान मंदिर से से उठने वाले राम दल की 108 दीपों से शंखनाद एवं विशाल ध्वज के साथ दिव्य आरती हुई। तुलसियानी प्रांगण के सामने भव्य मंच पर दिल्ली से आमंत्रित कलाकार कीर्ति उपाध्याय एवं सुविख्यात संगम नगरी राकबैंड के साथ अद्भुत भजन क्लबिंग का कार्यक्रम हुआ। गायिका एवं अध्यक्ष महिला व्यापार मंडल स्वाती निरखी के नेतृत्व में यह सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ जिसे सभी ने खूब सराहा। सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज जायसवाल ने मंच आसीन सभी नागरिकों का स्वागत किया। क्षेत्रीय पार्षद पंकज जयसवाल ने अपने अथक प्रयासों से पूरे क्षेत्र को इतनी भव्यता प्रदान की। इस मौके पर विधायक हर्ष बाजपेयी, महापौर, अनिल गुप्ता, पवन श्रीवास्तव निधि श्रीवास्तव कौशल्यानंद गिरी माता , शैलेन्द्र मधुर , आभा मधुर , आदि लोग मौजूद रहे।